MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please lay it on the Table. ...*(Interruptions)*... I think, they will take it. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRASANTA CHATTERJEE: Sir, the employees of the Regional Rural Bank staged a dharna on the Parliament Street precisely to draw the attention of the Government. ...*(Interruptions)*... Therefore, Sir, the Government must respond urgently to these demands. Thank you.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I associate and fully support this issue raised by Shri Prasanta Chatterjee. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, I also associate myself with this issue. ...*(Interruptions)*...

SHRI SYED AZEEZ PASHA (Andhra Pradesh): Sir, I also associate myself with this issue. ...*(Interruptions)*...

Alleged threat by Army to evict people of Darjeeling and Jalpaiguri from defence land

श्री समन पाठक (पश्चिमी बंगाल): उपसभापति जी, हाल ही में सेना की जमीन के घोटाले का मामला प्रकाश में आया है...(**व्यवधान**)... दार्जिलिंग के सुकुना कैन्टुन्मेंट के अंतर्गत यह जमीन सेना के अधिकारियों ने ...(**व्यवधान**)... किसी प्राइवेट संस्थान के नाम पर ...(**व्यवधान**)... N.O.C. दिया गया ...(**व्यवधान**)... किसी कॉलेज का फर्जी affiliation दिखाकर ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आपके पास रिटन टैक्स्ट है तो आप ले कर दीजिए...(**व्यवधान**)...

श्री समन पाठक: एजुकेशन ट्रस्ट ...(**व्यवधान**)... 33 मिलिट्री स्टेशन के पास में...(**व्यवधान**)... 71 एकड़ जमीन दी गई है...(**व्यवधान**)... महोदय, मुझे आशंका है कि ...(**व्यवधान**)... इसी तरह अवैध तरीके से ...(**व्यवधान**)... सिलिगुड़ी शहर के आस-पास वाले इलाके में भी ...(**व्यवधान**)... बड़े-बड़े व्यवसाय एवं प्रमोटरिंग हेतु प्राइवेट ...(**व्यवधान**)... पार्टी ...(**व्यवधान**)... सेना की जमीन ...(**व्यवधान**)... हथियाई है...(**व्यवधान**)... 1962 के बाद ...(**व्यवधान**)... सिलगुड़ी, जलपाईगुड़ी का बहुत बड़ा हिस्सा...(**व्यवधान**)... सेना ने लिया था...(**व्यवधान**)... फॉरेस्ट क्षेत्रों को भी ...(**व्यवधान**)... डीफॉरेस्ट करके...(**व्यवधान**)... सेना छावनी बनाई गई थी...(**व्यवधान**)... NH - 31 सेवक रोड, सुकुना एवं सिलिगुड़ी ...(**व्यवधान**)... एवं अन्य क्षेत्रों ...(**व्यवधान**)... जो सेना के प्रयोग में नहीं आए...(**व्यवधान**)... उसे राज्य सरकार ...(**व्यवधान**)... निर्दिष्ट जमीन मालिकों को वापस नहीं किया गया...(**व्यवधान**)... यह खाली पड़ी जमीन ...(**व्यवधान**)... अब किसी ने किसी तरीके से ...(**व्यवधान**)... बड़े-बड़े व्यवसायी, प्रमोटर्स एवं दलालों के हाथ में चली गई है...(**व्यवधान**)... मुझे आशंका है कि ...(**व्यवधान**)... यह जमीन प्रमोटर एवं व्यवसायियों के हाथ में ...(**व्यवधान**)... जाने के पीछे कहीं न कहीं ...(**व्यवधान**)... सेना के अधिकारी भी मिले हुए है ...(**व्यवधान**)... और लोग...(**व्यवधान**)... ...(**व्यवधान**)... मेरा सरकार से अनुरोध है कि जमीन घोटाले के मामले में ...(**व्यवधान**)... जो जांच चल रही है...(**व्यवधान**)... इसके दायरे में इसको भी लिया जाए...(**व्यवधान**)... और गहराई तक पहुंचे...(**व्यवधान**)... साथ ही साथ महोदय ...(**व्यवधान**)... सेना छावनी से लगी हुई जो बस्ती है...(**व्यवधान**)... वे बस्तियां वर्षों से बसी हुई हैं...(**व्यवधान**)... उन लोगों को सेना द्वारा नोटिस दिया जाता है...(**व्यवधान**)... और खाली करने के लिए दबाव बनाया जाता है...(**व्यवधान**)... महोदय, यह विडम्बना की बात है...(**व्यवधान**)... सेना द्वारा स्थायी रूप से बसे हुए गरीबों को हटाए...(**व्यवधान**)... जाने का प्रयास किया जाता है...(**व्यवधान**)... दूसरी तरफ बड़े-बड़े व्यवसायी एवं संस्थानों को NOC मिल जाता है...(**व्यवधान**)... महोदय, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बिठाई जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : The House is adjourned for fifteen minutes.

The House then adjourned at twenty minutes past twelve of the clock.

The House re-assembled at thirty-four minutes past twelve of the clock,

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

SHORT DURATION DISCUSSION

Liberhan Commission Report and trial of Babri Masjid case

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now we shall take up the Short Duration Discussion. Shri Amar Singh.

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, Special Mention.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Later. ...*(Interruptions)*... They will be laid.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, will it be taken up after lunch? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will do that. We will take it up. There is time-constraint. Please. We will call you.

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने का आपने जो अवसर दिया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, कल से मेरा हृदय बड़े संशय में डूबा हुआ है। जिस तरह के बहस का स्तर हमने लोक सभा में देखा— मैं किसी माननीय सदस्य या दल का नाम लिए बगैर कहना चाहता हूं— उससे मुझे भारी मानसिक वेदना पहुँची। मैं हतप्रभ था कि आज इस बहस में मेरे ऐसे कनिष्ठ व्यक्ति को, एक छोटे आदमी को, कई बड़े-बड़े पुरोधाओं के बारे में टिप्पणी करनी पड़ेगी। मुझे डॉ0 कर्ण सिंह जी बहुत याद आए। शैशवावस्था से कर्ण सिंह जी ने मुझे व्यक्तिगत तौर पर गीता का संदेश सुनाने का काम किया है। वह अभी अनुपस्थित हैं। गीता का संदेश यह है कि युद्ध के मैदान में अगर सामने कोई वरिष्ठ भी हो तब भी कनिष्ठ को उस पर आक्रमण करने से चूकना नहीं चाहिए। इसलिए मैं अपना वाक्य-वार आरम्भ करने से पहले सभी वरिष्ठ लोगों, जिनका मैं नाम लूँगा, उनसे अग्रिम क्षमा-याचना चाहता हूँ।

मैं बाबरी मस्जिद मामले में लिब्रहान कमीशन के रिपोर्ट की बात कर रहा हूँ। इसकी सिटिंग्स 399 बार हुईं, मात्र 48 बार इसका extension हुआ और इसको आने में कोई ज्यादा समय नहीं लगा। इसमें सिर्फ 17 साल लगे, सिर्फ 17 साल। मैंने इसी सदन में एक बार कहा था कि इस बीच उस समय जो बच्चा था, वह जवान हो गया, जो जवान था वह बूढ़ा हो गया और जो बूढ़ा था वह मर गया। इसको आने में सिर्फ 17 साल लगे। ...(**व्यवधान**)... दो वर्षों तक श्री पी0वी0 नरसिंह राव का शासनकाल रहा, 5 वर्षों तक NDA का शासनकाल रहा, 5 वर्षों तक UPA का शासनकाल रहा। सदन में बाबरी मस्जिद की शहादत के बाद UPA के वरिष्ठ नेताओं ने सदन के पटल पर कहा था कि घबराओ मत, चिन्ता मत करो, मस्जिद वहीं बनाएँगे। लेकिन, यह पाँच साल रहे फिर भी मस्जिद नहीं बनी। मान्यवर, यह लोग भी रहे। 'सौगंध राम की खाते हैं, मन्दिर वहीं बनाएंगे।...' ...(**व्यवधान**)... लेकिन, आपने मन्दिर नहीं बनाया ...(**व्यवधान**)... आपने मस्जिद नहीं बनायी। ...(**व्यवधान**)... मस्जिद का वादा किया, लेकिन जब आपका शासन आया तब मस्जिद नहीं बनायी। मन्दिर का वादा किया, लेकिन जब यह शासन में आए तो मन्दिर को भूल गए। वहाँ आप मन्दिर कह रहे हैं? 1528 से अयोध्या में उस स्थान पर गंगे शहीदन नामक स्थान पर मस्जिद का अस्तित्व है। 1528 से 1885 तक वहाँ मस्जिद में अजान भी होती रही और वहाँ उस मस्जिद में पूरा-का-पूरा कार्यक्रम चलता रहा। पहली बार 1885 में महंत रघुवर दास ने मस्जिद के बाहर एक चबूतरे पर एक शेड के लिए, मस्जिद के लिए कोई विवाद नहीं था, एक मुकदमा किया। वह मुकदमा किया हुआ petition भी cancel कर दिया गया। इसमें मस्जिद का विवाद

तो था ही नहीं। कांग्रेस के हमारे साथी मुझे क्षमा करेंगे। मैं कोई व्यक्तिगत आक्रमण करना नहीं चाहता हूँ, लेकिन कुछ ऐतिहासिक सत्य हैं, जिन्हें बताना मेरी मजबूरी है।

सर, 1949 में वहाँ पर मूर्तियाँ रखवाई गईं थीं। वहाँ मूर्तियाँ रखवा कर के ताला लगाया गया और मूर्तियों की आराधना तथा पूजा-अर्चना की अनुमति दी गई। मैं नाम ले लेता हूँ। 1949 में यहाँ शासन किसका था? 1949 में कांग्रेस का शासन था। दूसरा प्रमुख वर्ष 1986 है। 1949 में वहाँ पर मूर्तियाँ रखवाई गईं और ताला लगवाया गया, लेकिन 1986 में वह ताला खोल दिया गया। वह किसका शासनकाल था? कांग्रेस का। जब वह ताला खोला गया, तब वहाँ का मुख्य मंत्री कौन था? श्री वीर बहादुर सिंह जी। कौन था असली गृह मंत्री? श्री अरुण नेहरु।

जिनकी आत्मा में भाजपा बसी हुई थी और जो बाद में आपके दल से चुनाव भी लड़े। मैं कहना चाहता हूँ कि जब...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य: अमर सिंह जी की किनसे मित्रता है ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: मेरी मित्रता तो अरुण जी से भी है, तो क्या उनकी नीतियों से भी मेरी मित्रता है? मैं यह कह रहा हूँ कि 1986 में ताला खुला। कांग्रेस के साथी यह तर्क दे सकते हैं और मैं यह बात मानता हूँ कि अदालत के कहने से ताला खुला, लेकिन किस स्तर की अदालत? जिला स्तर की अदालत। तो क्या उस समय कांग्रेस की सरकार इतने बड़े विवाद की परिकल्पना करके अदालत के उस आदेश के विरुद्ध हाई कोर्ट नहीं जा सकती थी और हाई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती थी? ऐसा लगता है कि मानो किसी बहाने की तलाश थी कि बहाना मिला नहीं कि ताला खुले। जब माननीय वीर बहादुर सिंह जी मुख्य मंत्री थे और श्री अरुण नेहरू गृह मंत्री थे तब ताला खुला और ताला खुलने के बाद पूजाकीर्तन करताल से चालू हुआ। उसके बाद विवाद और उग्र गति से बढ़ना शुरू हुआ। 1949 के बाद 1986। क्या 1949 का यह सच असत्य है कि मूर्तियाँ 1949 में कांग्रेस के शासनकाल में रखवाई गईं और ताला लगाया गया? क्या 1986 में ताला खुला और ताला खुलने के बाद छोटे कोर्ट के आदेश से उसकी कोई अपील नहीं की गई? क्या यह असत्य है? फिर आइये, 1989। यानी 1949 में पहली गलती, 1986 में दूसरी गलती और 1989 में तीसरी गलती यह कि चुनाव से 10 दिन पहले शिलान्यास होता है। मैं आरोप नहीं लगा रहा हूँ, लेकिन इसके लिए चुनाव से पहले का समय ही क्यों चयनित किया गया?

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखण्ड)**:** कौन सा चुनाव?

श्री अमर सिंह: वर्ष 1989 का लोक सभा चुनाव। लोक सभा चुनाव के मात्र 10 दिन पहले कांग्रेस के शासन काल में शिलान्यास हुआ, शिला-पूजन हुआ और राम राज्य की परिकल्पना की बात की गई। यानी इसके तीन लैंडमार्क, वर्ष 1949, जब मूर्तियाँ रखी गईं, ताला लगा और कांग्रेस के शासन काल में पूजा की स्वीकृति मिली। 1986 में छोटी अदालत के कहने से ताला खुला और 1989 में चुनाव के 10 दिन पहले शिलान्यास आरंभ हुआ। तो वर्ष 1949, 1986 और 1989, इनको आप भुला नहीं सकते। मैं स्पष्ट रूप से कहूँ कि मैं कांग्रेस की धर्म निरपेक्षता के ऊपर कोई प्रश्न चिह्न लगाने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूँ। मैं सिर्फ इतिहास का सत्य और उन वर्षों को दोहरा रहा हूँ जो इतिहास के पन्ने में दर्ज हैं।

अब आप यह देखिए कि 1992 में बाबरी मस्जिद की शहादत से पहले परम आदरणीय माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का अनशन और उस अनशन को तुड़वाने तत्कालीन गृह मंत्री चह्वाण साहब का जाना। इसके बाद बाबरी मस्जिद 6 दिसम्बर को शहीद हुई और 4 दिसम्बर को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माननीय अर्जुन सिंह जी का अयोध्या जाने का ऐलान और बजाए अयोध्या जाने के लखनऊ जाकर कल्याण सिंह जी से मिल कर उनके आश्वासन से आश्वस्त होकर वापस आ जाना। इसके बाद तत्कालीन गृह सचिव, जिनके बारे में जस्टिस लिब्रहान ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, मार्क तुली ने अपनी रपट में लिखा है कि गृह सचिव और पुलिस

ने अकर्मण्य और निष्क्रिय होकर पूरे के पूरे जत्थे को खुली छूट दे रखी थी। वह गृह सचिव थे, श्री प्रभात कुमार, कल्याण के लाडले प्रभात कुमार और नरसिंह राव जी के दुलारे प्रभात कुमार। वही गृह सचिव, जिन्होंने मस्जिद की शहादत अपने नेतृत्व में पुलिस को अकर्मण्य और निष्क्रिय रख कर करवाई। वे कांग्रेस के शासन काल में पांच साल तक कैबिनेट सचिव थे और जब माननीय अटल जी आए तो उनकी पुरानी सेवा, जो उन्होंने अयोध्या में बाबरी मस्जिद की शहादत करवाते हुए की थी। उसके स्मृतिचिन्ह के रूप में झारखंड का राज्यपाल बना दिया। चिदम्बरम साहब हमारे बहुत योग्य और विद्वान मंत्री हैं, कल हमने उनका सारगर्भित वक्तव्य देखा है और सारगर्भित वक्तव्य सुना भी है, लेकिन जिस तरह से वे पल्ला झाड़ गए हैं, वह नहीं चलेगा।

मैं श्री सलमान खुर्शीद जी की तारीफ करुंगा, उस समय वे भी मंत्री थे, कम से कम उन्होंने हिम्मत दिखाई और उन्होंनें कुछ तल्ख टिप्पणी खुलेआम की। लेकिन, जिस तरह से एक वृत्ति दिख रही है, यानी नरसिंह राव जी कांग्रेस के थे ही नहीं, यह नहीं चलेगा। वे कांग्रेस के सिर्फ प्रधान मंत्री ही नहीं थे, कांग्रेस के अध्यक्ष भी थे और उनके मंत्रि-मंडल में जो लोग थे, अल्पसंख्यक समुदाय के भी, चाहे भाई गुलाम नबी आजाद हों, भाई सलमान खुर्शीद हों, आदरणीय चिदम्बरम जी हों, नरसिंह राव जी की legacy को आप कैसे नकार सकते हैं, उनकी सबसे बड़ी legacy का नाम डा0 मनमोहन सिंह है। नरसिंह राव जी ने इनको चिन्हित किया, खोजा और गुमनामी के अंधेरे से लाकर राजनीति के पटल पर रखा और आज वे प्रधान मंत्री हैं। प्रणब दा भी उस समय थे। 90% मंत्री, जो इस कैबिनिट में हैं, प्रवीण और वरिष्ठ, वे नरसिंह राव की भी कैबिनिट के मंत्री थे और कैबिनिट की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इसलिए आज आप यह कहें कि वह तो नरसिंह राव जी का राज था, आज किसी और का राज है, तब सूरतेहाल कुछ और थी, अब कुछ और है, यह नहीं चलेगा, बिल्कुल नहीं चलेगा। एक त्याग-पत्र मुझे याद है श्री माधव राव सिंधिया का, लेकिन वह भी बाबरी मस्जिद की शहादत के लिए नहीं, हवाई जहाज के लिए था और on record, उस समय के बहुत शक्तिमान व्यक्ति, श्री माखन लाल फोतेदार जी ने नरसिंह राव जी की स्वीकृतियों के बारे में विस्तार से कहा है कि यह जो रणनीति है कि segregate Narasimha Rao from Congress, यह नहीं चलेगी। नरसिंह राव जी कांग्रेस के अध्यक्ष, कांग्रेस के नेता, कांग्रेस के प्रधान मंत्री रहे और अगर आप उनका segregation करते हैं तो फिर आप मनमोहन सिंह जी को भी नकार दीजिए। फिर आप, जो उदारीकरण हुआ, जिसका कि आप पूरा श्रेय लेते हैं, globalisation, उदारीकरण, आर्थिक उदारीकरण, जिसने पूरे देश के आर्थिक मानचित्र को विश्व के धरातल और पटल पर रखा है, उसका आप श्रेय लेते हैं, तो माननीय चिदम्बरम जी, आप उसका श्रेय लेना भी बंद कर दीजिए, फिर पूरी की पूरी legacy को ही नकार दीजिए। पांच साल का वह जो शासनकाल है, उसके पन्नों को ही फाड़ दीजिए, इतिहास के उन क्षणों पर कालिख लगा दीजिए, उन्हें मल दीजिए, लेकिन इतिहास मिटता नहीं, इतिहास छिपता नहीं। इतिहास और भूगोल, ये दो ऐसी चीजें हैं जिनके साथ आपको जीना पड़ता है। इतिहास भी यथार्थ है, भूगोल भी यथार्थ है। हम इस भूगोल से कैसे भाग सकते हैं कि हमारे पड़ोस में विभाजन के बाद पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल और लंका हैं। यह हमारा भूगोल है और भूगोल के इस यथार्थ के साथ हमें जीवित रहना पड़ेगा। उसी तरह से आदरणीय नरसिंह राव जी कांग्रेस अध्यक्ष और प्रधान मंत्री दोनों थे और कैबिनिट मंत्री, चाहे प्रणब दा हों, चाहे चिदम्बरम साहब हों और पिछली यू0पी0ए0 की सरकार तक श्री अर्जुन सिंह जी हों, ये सभी पुराने लोग, चाहे शरद पवार जी हों, सभी उसमें थे। तो यह तो एक अच्छी नीति है कि *मीठा-मीठा घूंट और कड़वा-कड़वा थू।* जो मीठा हो, जो श्रेय लेने लायक हो, उसका घूंट लो — आर्थिक उदारीकरण हो, लाओ, लाओ, जो अच्छा हो, लाओ, लाओ, लेकिन जो बुरा हो, नहीं, नहीं, थूक दो, यह नहीं चलेगा।

एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में अच्छा तो यह होता कि जिस तरह से सलमान खुर्शीद ने कहा, उस तरह से सबने कहा होता। हमसे कहा जाता है कल्याण सिंह जी के लिए, चलिए मैं मानता हूं हो गई

गलती, क्या कहेंगे हम, हो गई गलती, लेकिन उस गलती को हमने हिम्मत के साथ सुधारा है। लेकिन, उस गलती में आपकी भी भूमिका रही है और आपकी क्या भूमिका रही है, आपको बताते हैं। आपकी भूमिका यह रही है कि मायावती की सरकार को हटाने के लिए, जो सरकार बनी थी, उस सरकार में पूरा का पूरा समर्थन कांग्रेस का था। अगर आप समर्थन नहीं देते, आपकी बड़ी कृपा है, आप समर्थन नहीं देते तो सरकार नहीं बनती।

राजभवन में आज भी वह चिट्ठी पड़ी है, जब आपकी कृपा से, आपके राष्ट्रीय अध्यक्ष के आशीर्वाद से मुलायम सिंह की वह सरकार बनी, तो उस सरकार में कल्याण सिंह का दल शामिल था। यहां कुसुम राय जी बैठी हैं, कुसुम राय जी हमारी मंत्री थीं, इनसे पूछ लीजिए। ये कल्याण सिंह जी के दल की सदस्या थीं और हमारी मंत्री थीं तथा इनके मंत्री पद को कांग्रेस के समर्थन की चिट्ठी थी। आज़म खान साहब भी इनके मंत्री थे। कल हमारे साथी श्री * बढ़-चढ़कर बोले थे। उनको मेरा उत्तर है कि आपके बेटे राकेश वर्मा भी मंत्री थे ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: वे उस हाउस के मेंबर हैं, उनका नाम मत लीजिए ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: अच्छा, ठीक है, मैं क्षमा चाहता हूं।

श्री उपसभापति: एक्सपंज हो गया है ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं, कल की जो बात थी, उस संदर्भ में ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: आपकी आज्ञा शिरोधार्य है।

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu) : There is not one word about Liberhan.

श्री अमर सिंह: आप कह रही हैं कि मैंने लिब्रहान के बारे में एक शब्द तक नहीं कहा है, ये सब लिब्रहान है, क्योंकि यह लिब्रहान का मूल है, अगर प्रस्तावना नहीं होगी, अगर भूमिका नहीं होगी, तो फिर आगे बात कैसे होगी? लिब्रहान के बारे में मैं क्या कहूं? लिब्रहान में RSS की भूमिका के बारे में जितना कहना चाहिए, उतना नहीं कहा गया है। जयन्ती जी, मैं लिब्रहान के परिप्रेक्ष्य में ही कह रहा हूं कि आप लोगों ने यह कहा कि तत्कालीन प्रधान मंत्री जी को यह पता ही नहीं था। कांग्रेस के एक वरिष्ठ सदस्य ने, जो एक दिन के मुख्य मंत्री थे, वे कल्याण सिंह जी के समर्थन से बने मंत्रिमंडल में कैबिनेट स्तर के मंत्री थे, एक सदस्य के लड़के, कल्याण सिंह के दल के द्वारा सम्मिलित मंत्रिमंडल में सदस्य थे, वे भी बोल रहे हैं। सूप तो सूप बोले, हमारे उत्तर प्रदेश में कहावत है कि — "चलनिओ बोले जामें बहत्तर छेद।" उन्होंने कहा कि पता नहीं था, अगर पता नहीं था, तो मैं बता रहा हूं। यह श्री नरसिंहराव जी की पुस्तक है, वे भी इस सदन के सदस्य नहीं हैं, लेकिन माफ कीजिए कि बोलना पड़ रहा है। यह उनकी पुस्तक है, मैं इसको प्रणाम कर रहा हूं, उन्होंने यह दस्तावेज़ छोड़ा है। खुद रेड्डी साहब, जो उस समय गवर्नर थे, उन्होंने यह चिट्ठी लिखी कि— "The possibility of the damage to the disputed structure itself may not be ruled out. Therefore, in my opinion, we should be very cautious on this issue." यह चिट्ठी रेड्डी साहब ने, जो उत्तर प्रदेश के गवर्नर थे, मस्जिद की शहादत से 5 दिन पहले कांग्रेस के अध्यक्ष, देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री, माननीय पी.वी. नरसिंहराव जी को लिखी। यह माननीय नरसिंहराव जी की लिखी किताब है, पृष्ठ नंबर 150, "अयोध्या"। अगर हम अयोध्या के बारे में नहीं बोलेंगे, तो लिब्रहान के बारे में क्या बोलेंगे? अब मैं लिब्रहान के ऊपर आ रहा हूं, लेकिन इसमें से श्री पी.वी. नरसिंहराव साहब गायब हैं और श्री गुलजारी लाल नंदा अंदर हैं, जब कि गुलजारी लाल नंदा सक्रिय राजनीति से विदा हो गए थे और बाबरी मस्जिद की शहादत से 3 साल

*Expunged as ordered by the Chair.

पहले उनकी मृत्यु हो गई थी। अब आप कहेंगे कि हम भारतीय जनता पार्टी का तर्क दे रहे हैं, हम भारतीय जनता पार्टी का तर्क बिल्कुल नहीं दे रहे हैं, लेकिन हम यह कहना चाहते हैं कि उसमें देवरहा बाबा का जिक्र है और मैं यह कहना चाहूंगा कि मैं भी देवरहा बाबा के यहां गया हूं, कांग्रेस के भी तमाम लोग उनके यहां गए हैं। देवरहा बाबा एक निर्विकार संत थे और उनका सांप्रदायिक राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन देवरहा बाबा का नाम इसमें है। मुझे लगता है कि गलती से श्री पी.वी. नरसिंहराव जी की जगह, पूर्व प्रधान मंत्री, श्री गुलजारी लाल नंदा जी का नाम आ गया है। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं एक पत्र का जिक्र करना चाहूंगा, मैं उनका नाम नहीं ले सकता, लेकिन वे बहुत ही सभ्य महिला हैं।

दिल्ली की मुख्य मंत्री हैं, मैं उनका नाम नहीं ले रहा हूँ ...(**व्यवधान**)... वह बहुत लोकप्रिय हैं और बार-बार चुनाव जीतती हैं। मेरी बड़ी बहन है। वह चिट्ठी लिख रही हैं, प्रिय नरसिम्हा राव जी, आप लगातार भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिन्दू परिषद् और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ गुप्त वार्ताएं चलाते हैं और स्वयंभू मुस्लिम नेताओं से भी आप बातचीत चलाते हैं। साधु-संतों से तो आप अंतरंग वार्ताओं में तल्लीन रहे। यह तब आपने किया, जब इन घटनाओं ने हमारी संपूर्ण राजनीतिक जीवन में अस्थिरता को जन्म दिया और संविधान की मान और धारणाएं पददलित होती रहीं। 6 दिसंबर, 1992 के बाद ...(**व्यवधान**)...

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam) : Sir, I have a point of order. He is reading a letter purported to be written by somebody to somebody. I want to know whether he can read such a letter and whether the letter is authenticated. I want a ruling on this issue, Sir.

SHRI AMAR SINGH: I am not yielding. ...*(Interruptions)*... I am not yielding.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: I am on a point of order. I want a ruling from you, Sir.

SHRI AMAR SINGH: I am not yielding.

SHRI RAJEEV SHUKLA (Maharashtra): Amar Singhji, can you authenticate it? ...*(Interruptions)*...

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Sir, I request a ruling on that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, you are reading some letter written by somebody to somebody.

SHRI AMAR SINGH: I authenticate it, Sir. यह authentic letter है ...(**व्यवधान**)...

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: How can he authenticate it?...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is taking the responsibility. ...*(Interruptions)*... Let him authenticate it. He is saying that he will authenticate it. If it is not an authenticated document, you can take the privilege. ...*(Interruptions)*... Amar Singhji, can you authenticate that letter and lay it on the Table of the House? ...*(Interruptions)*... Can you authenticate the letter which you are reading?

SHRI AMAR SINGH: Yes, Sir.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Sir, after authentication, he is to lay it on the Table of the House. After authentication only, he can read it. ...*(Interruptions)*... He has to lay it on the Table of the House. ...*(Interruptions)*... That is the rule. ...*(Interruptions)*...

1.00 P.M.

श्री अमर सिंह: संविधान की मान और अवधारणाओं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप authenticate करके ले कर दीजिए।

श्री अमर सिंह: ठीक है, सर, मैं ले कर दूंगा ...(**व्यवधान**)... 6 दिसंबर, 1992 के बाद हमारी नैतिक धर्मनिरपेक्षतावादी प्रतिबद्धताओं पर सवालिया निशान बना हुआ है। 6 दिसंबर को सरकार क्या कर रही थी? राष्ट्रपति शासन की अवधि में क्या कर रही थी? 6 दिसंबर को अयोध्या में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हेतु क्या कदम उठाए गए थे? इन घटनाओं की रोकथाम क्यों नहीं हो रही थी? ...(**व्यवधान**)...

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Sir, is it going on record?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is going to authenticate it. ...*(Interruptions)*... I think, he is to lay it on the Table of the House; otherwise, I will expunge it.

SHRI BHUBANESWAR KALITA: We have a right to get a copy of that. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He will authenticate it and lay it on the Table of the House; otherwise, if he is not authenticating it, I will expunge it from the record.

श्री अमर सिंह: मुंबई में जो कुछ घटा, उसने सारे संसार में हमारे नाम को कलंकित किया। नरसिम्हा राव जी आप मुंबई गए, लेकिन आपने शिव सेना के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला। अतएव आम जनता हमारी धर्म निरपेक्ष प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान उठा रही है। मस्तिष्क में तमाम सवाल उठ रहे हैं। हम 6 दिसंबर के बाद की परिस्थिति पर गंभीर चर्चा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महाधिवेशन की प्रार्थना करते हैं। मैं पूरा पत्र नहीं पढ़ रहा हूँ। हमारे साथियों को बड़ी खलबली मच रही है। हमारी अपेक्षा है कि कांग्रेस कार्य समिति पत्र में उल्लेखित सवालों पर सार्थक निर्णय लेगी और देश के कोने-कोने में जनता का आह्वान करेगी कि जहां कहीं भी देशवासी हैं, वहीं इस अवसर पर विश्वास के साथ धर्म निरपेक्षता के दुश्मनों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इसमें एक पूर्व विदेश मंत्री, जो इस सदन के सदस्य थे, किसी मामले में गए, उसके भी हस्ताक्षर हैं। हमारी बड़ी बहन का हस्ताक्षर है, उसके साथ एआईसीसी के पूर्व महासचिव के हस्ताक्षर हैं और कांग्रेस के चार वरिष्ठ नेताओं के हस्ताक्षर हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: आप डाटा तो दे ही रहे हैं, उनके नाम भी बता दीजिए ..(**व्यवधान**)..

श्री अमर सिंह: मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस तरह की जो लिब्रहान आयोग की रिपोर्ट है, उस रिपोर्ट में इन मामलों पर बड़ी चुप्पी है। आदरणीय नरसिम्हा राव जी आज जीवित नहीं हैं, अत: उनके बारे में मेरा ज्यादा बोलना उचित नहीं होगा। पर, मामले की गंभीरता को देखते हुए मस्जिद के शहादत के लिए ये तो जिम्मेदार हैं ही, इन्होंने तो कुछ छोड़ा नहीं। मैं आदरणीय अटल जी की बड़ी इज्जत करता हूँ, लेकिन 6 दिसंबर को मस्जिद शहीद हुई और 5 दिसंबर को आदरणीय अटल जी ने कहा है कि हे कार सेवको, समतलीकरण होना चाहिए। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है। दल के नेता के रूप में कार सेवकों को अयोध्या जाने से पहले समतलीकरण की बात करके निश्चित रूप से अटल जी ने यह कह दिया, ईश्वर उनको लंबी आयु दे, मैं बहुत श्रद्धा से और विनत होकर कहता हूँ, बहुत सम्मान के साथ कहना चाहता हूँ, कि भारतीय जनता पार्टी की घोषित कार्यक्रम धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि यह राजनीतिक कार्यक्रम का एक हिस्सा बन गया था कि मंदिर वहीं बनाएंगे। कार सेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने समतलीकरण की बात की थी और हे बजरंगी विनय कटियार जी ! आप तो वहां उत्पात मचा रहे थे। आप तो वहां उपस्थित थे और उत्पात मचा रहे थे। वहां पर उमा जी, मुरली मनोहर जोशी जी, कलराज जी, माननीय आडवाणी जी, ये सब लोग थे। यह कैसा दुर्भाग्य

है लोकशाही का? उस समय स्थिति क्या थी? एक प्रधान मंत्री थे, जो सुप्त थे, लुप्त थे। पूरी क्षमता रहने के बावजूद देश के संविधान की रक्षा करने के लिए तैयार नहीं थे। एक नेता, विरोधी दल थे, आदरणीय आडवाणी जी, जिन्होंने रथ यात्रा चलाकर, नफरत का ज़हर बोकर, देश को विभाजित करके, परम आदरणीय आडवाणी जी, जो पैदा हुए पाकिस्तान में, लड़ाने चले हैं हिंदुस्तान में, हिंदू को श्मशान में और मुसलमान को कब्रिस्तान में। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार): उस वक्त वह पाकिस्तान नहीं था। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: वह पाकिस्तान नहीं था। उस वक्त तो ...(**व्यवधान**)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, I have an objection....*(Interruptions)*... I want to make a mention. ...*(Interruptions)*... I am from Sialkot. Sialkot is a part of Pakistan now. We are all displaced persons. Our forefathers were displaced from west Punjab and we suffered to give freedom to this nation and people suffered in the eastern part of Bangladesh—East Pakistan and West Pakistan; there you say that we are Pakistanis? We fought for the Independence of this country. ...*(Interruptions)*...

श्री रवि शंकर प्रसाद: डा. मनमोहन सिंह कहां पैदा हुए थे? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अमर सिंह जी....(व्यवधान)... नहीं, नहीं ...(**व्यवधान**)... अमर सिंह जी ...(**व्यवधान**)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, this is very unfortunate. They can say that we were born on the other side which was sacrificed by Gandhiji for a different nation.

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, they are diverting the issue.

SHRI S.S. AHLUWALIA: What is this?

श्री अमर सिंह: अच्छा आपकी भावनाओं ...(**व्यवधान**)... मैं खेद प्रकट...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अमर सिंह जी बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल: माफी मांग लीजिए।

श्री अमर सिंह: माफी क्यों मांग लूं? मैं आपके चक्कर में पड़ने वाला हूं क्या? आप इतना कच्चा समझते हैं माफी मांगने को? लेकिन हां, यह ज़रूर है कि भावनाओं को आहत करने का मेरा मन नहीं था, इतना मैं ज़रूर कहना चाहूंगा। मैं दुखी हूं कि आपकी भावनाएं आहत हुई हैं। ..(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: तो उसमें सुधार कीजिए। वह पाकिस्तान नहीं है। वे जहां पैदा हुए, उस समय वह भारत का हिस्सा था। आज़ादी की लड़ाई वहां से लड़ी गई। ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: अच्छा ठीक है, ठीक है। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: हिंदुस्तान की आज़ादी के लिए कांग्रेस ने जो लाहौर के resolutions पास किए, लाहौर में जो फैसले लिए गए, क्या वे पाकिस्तान के फैसले थे? आप क्या बात करते हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: तिरंगा भी नेहरू जी ने पहली बार वहीं फहराया था, वह हिंदुस्तान का पार्ट था। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: हां, तिरंगा झंडा कहां फहराया गया था?...(**व्यवधान**)... लाहौर के किले पर.... लाहौर के किले पर फहराया गया था।...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: ठीक है अहलुवालिया जी, आपने दुरुस्त कर दिया है, आप बैठिए। आपने दुरुस्त कर दिया है। ...(**व्यवधान**)... तो मैं कहना चाहता हूं कि ये सभी चेहरे ...(**व्यवधान**)...

डा. ऐजाज़ अली: *

श्री उपसभापति: आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... बिल्कुल.. बिल्कुल, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... कोई नहीं कह रहा है, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**).... आप बैठिए प्लीज़....प्लीज़... कोई नहीं कह रहा है। ...(**व्यवधान**)... यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: It is grossly unfair and should not go on record.

श्री उपसभापति : यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। ...(**व्यवधान**)... ऐजाज़ अली जी, आपको identify नहीं किया गया है, it will not go on record.

श्री अमर सिंह : मैं यह कहना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिमी बंगाल): बाकी सब जा रहा है, तो यह क्यों नहीं जाएगा?

श्री उपसभापति : नहीं, नहीं, उनका कहना है कि उनको "पाकिस्तानी" कहा जा रहा है, लेकिन उनको identify नहीं किया गया था, वे बीच में उठकर बोले, इसलिए it will not go on record. Otherwise, everything may go on record.

श्री अमर सिंह: 6 दिसम्बर की दुखद घटना और उस शहादत के दिन एक ऐसा प्रधान मंत्री जो सुप्त और लुप्त है, एक ऐसा विरोधी दल का नेता — मैं वह शब्द नहीं दोहराऊंगा, जिस पर आप आहत हो रहे हैं — जो रथ यात्रा चलाता है, राजनैतिक कार्यक्रम बनाता है कि राम मंदिर बनाएंगे और जब मस्जिद की शहादत हो जाती है तो सुश्री उमा भारती और * कटियार मुरली मनोहर जोशी के कंधे पर चढ़कर हो-हल्ला मचाते हैं, चिंग-पो करते हैं, कलराज जी वगैरह भी — ये सभी चरित्र बैठे हैं, मूर्तियां बैठी हैं, आपको प्रणाम और नमन ।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): वहां के साक्ष्य ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: बैठते हैं, सब लोग बैठे हुए हैं और उसके बाद भी ये लज्जित नहीं हैं और कहते हैं कि हम गर्वित हैं कि हमने शहादत कर दी, हमने देश के हिन्दू-मुसलमानों के दिलों को तोड़ दिया — हम इसके लिए गर्वित हैं। इन्होंने उस बाबरी मस्जिद को शहीद नहीं किया, विदेश में उसकी प्रतिक्रिया में कई मंदिरों को तुड़वाया है।

श्री कलराज मिश्र : वह विवादित ढांचा था।...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : आज मुम्बई में जो आतंकवाद हुआ है, आज धूलिया में, मालेगांव में, असम में जो दूरियां बढ़ी हैं, उसके मूल में यही महान मूर्तियां बैठी हैं, उसकी जड़ में यही हैं। उस नफरत के बीज को बोने वाले यही हैं। इन्होंने बोया है। ...(**व्यवधान**)... इन्होंने समाज को दो दायरों में बांटा है। ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : उसकी जड़ में ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : मैं एक बात आपको कहना चाहता हूं, मुलायम सिंह यादव, हनुमान के भक्त, ईश्वर के पुजारी...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: उपसभापति महोदय, मैं, अभी नहीं, लेकिन बाद में चाहूंगा कि जितने लोग मेरा नाम ले रहे हैं, इस सदन का सदस्य होने के नाते मुझे भी अपनी बात स्पष्ट करने का मौका दिया जाए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your name is there in the Report. They are entitled to take.

श्री विनय कटियार: मैं अभी कुछ नहीं कह रहा हूं।

---

*Not recorded.

श्री उपसभापति: आपकी पार्टी से पूछिए, वे टाइम दे दें। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: पार्टी की बात नहीं है। अगर कोई सीधा मेरा नाम ले...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आपका नाम रिपोर्ट में है तो लेना पड़ेगा, उसमें हम क्या कर सकते हैं?

श्री विनय कटियार: वे मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आपका नाम रिपोर्ट में है। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: मैं टोक नहीं रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र): आपका नाम रिपोर्ट में है। आपने जो किया है, उसके कारण आपका नाम रिपोर्ट में आया है।...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : आपका नाम रिपोर्ट में है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Time is limited. Only eight hours are allotted. Different political parties are going to make their submissions on this subject, and it is an important subject. But there are names mentioned in the Report. From every corner, people will speak on this. So, the Members, whose names will be taken, should get an opportunity beyond these eight hours*...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति: यह ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

प्रो0 राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): रिपोर्ट में इनका नाम है। ...(**व्यवधान**)... ये सारे नाम कमीशन की रिपोर्ट में हैं इसलिए उनका नाम लिया जाना जरूरी है। ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): उनका नाम बार-बार लिया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अहलुवालिया जी, नयी-नयी परम्पराएं मत बनाइए प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

SHRI S. S. AHLUWALIA: Why don't you make a rule? It is a right of the Chair. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It can't be. *...(Interruptions)...*

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, there is a rule for this. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will check the rule and let you know. *...(Interruptions)...*

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, the point is, a Commission was appointed under the Commission of Inquiry Act. They have taken his name. He does not have the right to reply. His party can give him time if he wants to speak. *...(Interruptions)...*

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT (SHRI KAPIL SIBAL): How will Advaniji reply? How will Joshiji reply? Their names are mentioned in the Report.

श्री अमर सिंह: सर, मेरा समय जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: On this, I will not allow you to take extra time. *...(Interruptions)...*

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): ये लोग भी interrupt कर रहे हैं और वे लोग भी interrupt कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री कलराज मिश्र: हम लोगों का नाम लेकर आरोपित किया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)... मुझे ज्यादा समय नहीं चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आपकी पार्टी के पास टाइम है, उनसे लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: ये बोलेंगे तो ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: बिल्कुल नहीं। अमर सिंह जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (उत्तराखण्ड): सर, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जो भी स्पीकर बोल रहे हैं, उनके अलावा अन्य लोग अगर बीच में हस्तक्षेप करे, हम करें या वे करें, कोई भी करे, उस पर आप रोक लगाइए वरना उस स्पीकर के समय में से उतना समय ज़ाया होता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अमर सिंह जी, बोलिए।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : अगर कोई भी हस्तक्षेप करे तो उसे रोकिए और वह समय उस स्पीकर के समय में नहीं माना जाएगा।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए।

श्री विनय कटियार: सर, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि या तो आप यह व्यवस्था हमेशा के लिए दे दें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन एक ...(**व्यवधान**)... आप ऐसा मत करिए। ...(**व्यवधान**)... अगर कुछ लोग मिलकर हमें फांसी पर चढ़ा देंगे तो ऐसा तो नहीं होने वाला है। सर, यह तो सही नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए कटियार जी, लिब्रहान आयोग की रिपोर्ट पर यह डिस्कसन हो रहा है और जिन-जिन लोगों के नाम लिब्रहान आयोग की रिपोर्ट में मेंशन किए गए हैं, तो स्पीकर वे नाम लेंगे। Just because you are a Member of the House you should be give an opportunity and others should not be given an opportunity is not correct. ...(**व्यवधान**)... आपकी पार्टी के पास टाइम है, आप लीजिए। एक्स्ट्रा टाइम क्यों ले रहे हैं।...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: मेरी बात तो सुनिए।...(व्यवधान)... आप मेरी बात भी नहीं सुनेंगे।

श्री उपसभापति: मैं सुन रहा हूं, मैंने आपकी बात सुनी है।...(**व्यवधान**)... बात करते जाइए...(**व्यवधान**)... आपकी बात मैंने सुन ली, आपका विषय भी मैंने सुन लिया।

श्री विनय कटियार : आपने मेरी पूरी बात नहीं सुनी। मेरा ऐसा कहना है कि नियम या कहता है, मुझे जानकारी नहीं है।...(**व्यवधान**)... जब किसी मेंबर का नाम लिया जाता है तो सदन में यह बात रही है कि सफाई देने का मौका मिलता है...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए, मैं रूल बताता हूं...(**व्यवधान**)... अब मैं समझ गया।...(**व्यवधान**)...

SHRI SITARAM YECHURY: Let his party give him the time *...(Interruptions)...*

SHRI AMAR SINGH : Sir, my time is being wasted. I am not yielding*...(Interruptions)...*

श्री विनय कटियार: या तो आप यह व्यवस्था कर दें। यह तो मैं इनको * करके इनकी सब बात को मैं सुनूंगा, मुस्कराऊंगा भी, क्योंकि मैं जानता हूं कि लिब्रहान कांग्रेस का उपन्यास है।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं-नहीं।...(**व्यवधान**)... Nothing will go... आप बोलिए। In an explanation you go on...(**व्यवधान**)... बिल्कुल नहीं...(**व्यवधान**)... आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप चेयर को थ्रेटन नहीं कर सकते।...(**व्यवधान**)... No, no. You cannot threaten the Chair*...(Interruptions)...* I request the hon. Members, please sit down. We are discussing a very sensitive issue. Definitely, there will be acrimony*...(Interruptions)...*

---

*Not recorded.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Heavens are not going to fall*...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति: देखिए, अहलुवालिया जी, आपके लिए एक रूल होता है, दूसरों के लिए एक रूल नहीं होता है।I am appealing to you. ...(**व्यवधान**)... रूल जो कहता है, If he is a Member of the House and any allegations are made against that Member, he would be given an opportunity to respond. They cannot take the names of Members of the other House. If the Member belongs to the same House and if there is any allegation, he will be given an opportunity. Here, this is not an allegation. The name has been mentioned in the Report. It is not an allegation. So, it cannot *...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, this Report has not been accepted by the House *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Not necessary*...(Interruptions)...* Mr. Ahluwaliaji, we are discussing the Report*...(Interruptions)...* This is laid on the Table of the House. How can the Report be accepted by the House? Whether any Report has been accepted by the House. Which Report has been accepted by the House? You tell me.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Should I believe that all the Papers laid on the Table of the House are accepted? Should I believe that?*...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are saying a new thing*...(Interruptions)...* I will not be able to reply to your question*...(Interruptions)...* The Report is the property of the House*...(Interruptions)...*

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, Report is never accepted or rejected by the House. It is laid on the Table of the House. It is the property of the House that we are discussing *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have given the ruling. Please*...(Interruptions)...* Whether you accept it or not. With all humility at my command, I request you to please allow the debate to go on*...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: That is not fair*...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have seen it*...(Interruptions)...* You may not accept my ruling.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, this Report has not been accepted by the House unanimously.. *...(Interruptions)...*

SHRIMATI BRINDA KARAT: Who is accepting or who is not accepting? *...(Interruptions)...* That is not the issue here. *...(Interruptions)...*

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, रिपोर्ट की सब बातें कैसे सही हैं ? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ravi Shankar Prasad, please, this is not a correct thing. *...(Interruptions)...*

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, यह आपने कहा है कि इनका नाम रिपोर्ट में है। ...(**व्यवधान**)... सर, रिपोर्ट कैसे सही होगी? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I know, you are arguing, but that is wrong. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: What is wrong, Sir? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have given the ruling. ...*(Interruptions)*... He is a Member of a political party. ...*(Interruptions)*... The political party has been given some time and within that time he can speak; I have no objection to that. ...*(Interruptions)*... There is no question of giving additional time. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Exactly, Sir.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, when his name is mentioned in the House ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: His name is mentioned in the Report. ...*(Interruptions)*... Mr. Ahluwalia, I cannot give an answer to you. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, they are all accused in the .. ...*(Interruptions)*...

श्री रवि शंकर प्रसाद: आपने कहा है कि ...(**व्यवधान**)... सर, इनका रिपोर्ट में नाम है। फिर, इनको कहां बोलने दिया जा रहा है? ...(**व्यवधान**)... सर, रिपोर्ट करेक्ट है, यह कहना ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप यह कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट ठीक है।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why are you putting words into ...*(Interruptions)*... I did not say the Report is right. Did I say? ...*(Interruptions)*... The House is discussing the Liberhan Commission Report, which has been laid. ...*(Interruptions)*... The Report is laid under the provisions of the Commission of Inquiry Act and it is the property of the House. ...*(Interruptions)*... The House is discussing the Report with your support. ...*(Interruptions)*... You are a party to it. ...*(Interruptions)*...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, रिपोर्ट करेक्ट है, यह कहना ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप यह कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट ठीक है।...(**व्यवधान**)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, how can you say that the Report is correct?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Who is saying that? I did not say that...*(Interruptions)*..

SHRI S.S. AHLUWALIA: You see the Report. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, we are discussing the Report. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: How can you say that, Sir?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What? Are you not discussing the Report? ...*(Interruptions)*... Is the Report not the property of the House?...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, how can you say that the Report is correct?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Who is saying that? ..(Interruptions).. I did not say that the Report is correct. ...*(Interruptions)*... I said that the Report is the property of the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I do not think that they want to have a discussion on it. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I did not say that the Report is right. The Report is the property of the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, let us not disturb the debate. Let us have a meaningful debate. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: अमर सिंह जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आपकी आवाज़ तेज है। आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस. एस. अहलुवालिया: कलराज मिश्र जी का नाम लिया गया है, उनको बोलने का अधिकार है। ...(**व्यवधान**)... विनय कटियार जी का नाम है, उनको बोलने का अधिकार है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: See, they are referring to the Rule. An allegation has been made against a Member but it is not an allegation. ...*(Interruptions)*...

श्री अमर सिंह: सर, हमें बोलने दीजिए।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have given the ruling. ...*(Interruptions)*...

श्री अमर सिंह: सर आप मेरे बोलने के बाद अपनी रूलिंग दीजिएगा।...(**व्यवधान**)... हम रिपोर्ट डिसकस कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If I give an opportunity to a Member because his name is being mentioned, then, the House will be unfair to those who are not being given the opportunity. ...*(Interruptions)*...

श्री विनय कटियार: सर, सदन का सदस्य होने के नाते मैं आपसे न्याय मांग रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Narsimha Raoji's name has been mentioned. ...*(Interruptions)*...Various other names have also been mentioned. ...*(Interruptions)*...

श्री सीताराम येचुरी: सर, सिम्पल क्वेश्चन है I Why is BJP not giving him time? ...*(Interruptions)*...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : टाइम देंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : आप टाइम देंगे, तो इश्यु खत्म है। ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : सर, मुझे बोलने का समय दीजिए। मेरा बहुत समय जाया हो रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आपने बहुत टाइम waste किया । ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए। आप बोलिए।

श्री अमर सिंह: उपसभापति महोदय,

"हुई हमसे यह नादानी, तेरी महफिल में आ बैठे।
जमीं की खाक होकर, आसमां से दिल लगा बैठे।"

...(**व्यवधान**)... आप लोगों के साथ। आप दोनों तंग कर रहे हैं। आप दोनों से दिल लगाया, दोनों तंग कर रहे हैं। सर, समाजवादी पार्टी ने हमेशा सैक्युलर मूल्यों का पालन किया है। ...(**व्यवधान**)... ये अकर्मण्य लोग उदासी ले आए, तीन-तीन बार मैंने बता दिया है और ये नफरत का बीज बोते रहे। हमारे दल और हमारे नेता को देश

के संविधान की रक्षा के लिए गोलियां चलानी पड़ीं, तो गोलियां चलाईं। हमारे 16 कार सेवक मारे गए और आपने यह आरोप लगाया कि उन कार सेवकों के खून से मुलायम सिंह के हाथ लाल हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : बैठिए, बैठिए। Please, sit down. आप सुनकर जवाब देना सीखिए। ...(**व्यवधान**)... डिस्टर्ब मत कीजिए। Please, आप बैठिए।

श्री अमर सिंह : हमें इस बात का दुख है कि 16 कार सेवकों की मृत्यु हुई। किसी की भी जान जाती है, तो हमें दुख होता है, लेकिन हिन्दुस्तान के संविधान की रक्षा करने के लिए तथा कानून बचाने के लिए, हिन्दू-मुस्लमानों के दिलों को टूटने से बचाने के लिए 16 की जगह यदि 1600 लोग भी मर जाते, तो कोई बड़ी बात नहीं थी। ...(**व्यवधान**)... देश बड़ा है और देश का कानून बड़ा है। देश कानून से चलता है, आपकी भावनाओं से नहीं। ...(**व्यवधान**)... देश जज्बात से नहीं, कानून से चलता है। ...(**व्यवधान**)... समाजवादी पार्टी और हमारे नेता मुलायम सिंह यादव ने ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद : उत्तर प्रदेश का वोट बैंक। ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह : मुलायम सिंह यादव ने ...(**व्यवधान**)... अयोध्या, मथुरा और काशी इस विवाद की सारी जड़ वही हैं।...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार : *

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, why are they continuing to interrupt like this?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing that they are saying will go on record.

श्री अमर सिंह: हमने सारे धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा की है। ...(**व्यवधान**)... मैं यहां पर दिनकर जी को उद्धृत करते हुए कहना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार: *

श्री उपसभापति: प्लीज़, कटियार जी, बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री विनय कटियार : आज इस सदन में नाम लेकर अपमानित किया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आपकी पार्टी को जो समय है, आप उसमें बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री अमर सिंह: आपका नाम लिया है, तो हम इसको वापस लेते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए।

श्री विनय कटियार: अमर सिंह जी, आधा मिनट बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर पुंज: सर, इन्होंने मेरा नाम लिया है ...(**व्यवधान**)... मैं यह पूछना चाहता हूँ कि कम्युनिस्ट पार्टी ने पाकिस्तान की डिमांड को सपोर्ट किया था या नहीं किया था? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: वह सवाल यहाँ नहीं है...(**व्यवधान**)... This has nothing to do with the subject.

श्री बलबीर पुंज: इन्होंने देश को तीन हिस्सों में बांटा। देश को बांटने में...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी: मैं आपको और इस सदन को भी यह बता दूँ। मैंने यह पढ़ कर भी सुना दिया, यह शायद अंग्रेजी में था। मैं अभी इसका अनुवाद हिन्दी में करके आपको सुनाता हूँ कि सन् 1940 में जब जिन्ना साहब ने लाहौर में two-nation theory की बात कही थी, उससे ठीक तीन साल पहले 1937 में विनायक दामोदर सावरकर ने हिन्दू महासभा को address करते हुए अपने Presidential address में यह कहा था कि अपने मुल्क के अंदर दो देश हैं, एक हिन्दू राष्ट्र, एक मुसलमानों का देश। ...(**व्यवधान**)... तो यह बात है।...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: जो आप पहले कह चुके हैं, वह सुन लिया। ...(**व्यवधान**)... आप क्यों दोहरा रहे हैं...(**व्यवधान**)... आप बैठिए।...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी: कलराज मिश्र जी ने कहा था कि यह बताइये।...(**व्यवधान**)...

श्री बलबीर पुंज: जहाँ तक ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी: आप 17 साल बाद मेरे point को फिर से सही prove कर रहे हैं। ..(**व्यवधान**).. आप जब तक रहेंगे तब तक और किसी भी कारसेवक की जरूरत नहीं है मुझे पिटाई करने की ..(**व्यवधान**)

SHRI BALBIR PUNJ : I am proud to be a *karsevak*. . *(Interruptions)*

श्री उपसभापति: ठीक है, आप बैठिए।...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी: सर, मेरा यही कहना है कि इन्होंने कहा कि खून किसने किया, यह बताओ। हमने बताना नहीं। लिब्रहान कमीशन ने 68 नाम गिनाये, अब इनके ऊपर कानूनी कार्रवाई हो, जल्द से जल्द हो और लोगों को इंसाफ दिलाया जाए।

आखिर में, मैं यही कह रहा था, जब interruption हो गया, कि "तमसो मा ज्यातिर्गमय"। आप भूत के अंधेरे से अलग हटकर भविष्य के उजाले में चलिए, तभी हमारा भारत महान हो सकता है। इस तरह के चक्कर और झगड़ों में फंसना अपने देश की ताकत को कमजोर करने वाली बात होगी। इससे देश को फायदा नहीं, नुकसान ही है। अब साल हो गये, इस राजनीति को छोड़ दीजिए और चलिए हम एक आधुनिक भारत का निर्माण करें।

श्री गंगा चरण (उत्तर प्रदेश)**:** महोदय, मैं अपनी बात लिब्रहान आयोग की रिपोर्ट की प्रस्तावना से शुरू करता हूँ। मैं पूरी रिपोर्ट से तो सहमत नहीं हूँ, लेकिन लिब्रहान कमीशन ने जो बातें प्रस्तावना में कही हैं, उनसे मैं पूरी तरह सहमत हूँ। मैं आज सदन के सामने लिब्रहान कमीशन द्वारा जो प्रस्तावना लिखी गई है, उसको पढ़कर सुना रहा हूँ।

कुछ लोगों के लिए सत्ता का प्रलोभन सर्वोपरि होता है, सत्ता प्राप्त करने का सामान्य साधन राजनीति होता है। हमेशा सत्ता प्राप्त करने और अपने प्रयोजन के लिए राजनीति का उपयोग करने की लालसा और इच्छा होती है। राजनैतिक रूप से वांछनीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के आगे किसी चीज का महत्व नहीं होता, चाहे वे किसी भी तरीके से प्राप्त किए जाएं। सत्ता प्राप्त करने की प्रक्रिया में इस बात की भी परवाह नहीं की जाती है कि इस प्रकिया का संस्था, राष्ट्र, व्यक्तियों और समूचे समाज के लिए क्या परिणाम होगा। स्वयं जीवन का राजनीतिकरण हो जाता है। इस प्रक्रिया में वस्तुपरकता, राजनीतिक ईमानदारी अथवा स्तर का लोप हो जाता है। राजनैतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए अथवा राजनैतिक रूप से वांछनीय परिणाम प्राप्त करने के लिए संविधान, कानून, लिखित अथवा अलिखित, नैतिक आचार-विचार एवं धर्म ग्रंथों की तिरस्कारपूर्ण अवहेलना की जाती है। मैं इस लाइन को दोबारा पढ़कर सुनाता हूं, क्योंकि हमारे भारतीय जनता पार्टी के मित्रों के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। राजनैतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए अथवा राजनैतिक रूप से वांछनीय परिणाम प्राप्त करने के लिए संविधान, कानून, लिखित अथवा अलिखित, नैतिक आचार-विचार एवं धर्म ग्रंथों की तिरस्कारपूर्ण अवहेलना की जाती है। शासन की स्वस्थ अथवा वैध प्रक्रिया की परवाह नहीं की जाती है और राजनीतिक तटस्थता समाप्त हो जाती है।

मान्यवर, मैं यहीं से अपनी बात शुरु कर रहा हूं। मेरा मानना है कि भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर का जो आन्दोलन चलाया, उसके लिए मैं दो लाइनें अर्ज़ करना चाहता हूं, यहां वरिष्ठ नेता विराजमान हैं — कहीं पे निगाहें, कहीं पे निशाना, बड़ा जुल्मी है जालिम जमाना। मान्यवर, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की निगाहें उस समय दिल्ली की कुर्सी पर थीं और निशाना ढांचा था। इसलिए, इनका मकसद राम मंदिर बनाना नहीं था, मकसद सत्ता प्राप्त करना था। मंदिर तो एक बहाना था, भाजपा को सत्ता हथियाना था और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को मिटाना था। अभी तक लोक सभा और राज्य सभा में जो चर्चा हुई, किसी भी हमारे सम्मानित सदस्य ने ...(**व्यवधान**)... मैं कहां था यह भी बता रहा हूं, इसका ज़िक्र नहीं किया कि भारतीय जनता पार्टी की इस आन्दोलन के पीछे मंशा क्या थी। मैं याद दिलाना चाहता हूं अपने साथियों को कि 1989 में, 9वीं लोक सभा में, मैं लोक सभा का मैम्बर था, मुझे याद है शायद माननीय श्री शांता कुमार जी भी उस समय मिनिस्टर थे, माननीय श्री वी0पी0 सिंह जी के नेतृत्व में जनता दल की सरकार बनी थी, जिसे बाहर से भारतीय जनता पार्टी का समर्थन था। मैं याद दिलाना चाहता हूं उस आन्दोलन की कि माननीय कांशी राम जी के नेतृत्व में मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कराने के लिए दिल्ली का घेराव किया गया था। चौराहों पर एक महीने तक ये नारे लगाए गए थे — मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करो, वरना कुर्सी खाली करो। अंदर से जनता दल का मेनिफेस्टो था कि सरकार बनेगी तो मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करेंगे। हम लोगों ने अंदर से दबाव बनाया कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की जाए और माननीय श्री वी0पी0 सिंह ने 1990 में

मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की। जैसे ही मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की गई, मंडल विरोधियों ने देश में आग लगा दी, पूरी दिल्ली धू-धू करके जलने लगी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को मंडल कमीशन की रिपोर्ट नागवार गुजरी और उन्होंने इसका कैसे विरोध किया जाए, इसका एक नया तरीका निकाला।

मुझे याद है कि उस समय तक जनता दल की सरकार से उनका कोई विरोध नहीं था, लेकिन जैसे ही पिछड़ी जातियों को 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की गई, भारतीय जनता पार्टी को यह बात पसंद नहीं आई। यदि वे प्रत्यक्ष रूप में विरोध करते, तो देश की सारी पिछड़ी जातियां इनके खिलाफ हो जातीं। इसलिए इन्होंने एक योजना बनाई और जनता दल की सरकार को गिराने के लिए माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने घोषणा कर दी कि हम रथ लेकर चलेंगे, कमंडल लेकर चलेंगे ...(**व्यवधान**)...

श्री कलराज मिश्र: आप भी शायद उस समय बी.जे.पी. में थे?

श्री गंगा चरण: नहीं, मैं बी.जे.पी. में नहीं था, मैं जनता दल में था ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप लिब्रहान कमीशन पर बात कीजिए, आप कब कहां थे, यह विषय नहीं है।

श्री गंगा चरण: उपसभापति जी, मैं लिब्रहान कमीशन की बात पर ही आ रहा हूं, लिब्रहान कमीशन ने वी.पी. सिंह जी का जिक्र किया है और यह भी बताया है कि मस्जिद गिराने का उद्देश्य क्या था, ढांचा गिराने का उद्देश्य क्या था। मैं जिक्र करना चाहता हूं कि 1950 से उस ढांचे में मूर्तियां स्थापित हो गई थीं, पूजा हो रही थी और 1990 तक किसी को मंदिर निर्माण की याद नहीं आई, लेकिन जैसे ही मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की गई, सिर्फ एक बहाना बनाकर कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट को हमें समाप्त करना है, इसलिए वह आंदोलन चलाया गया था। उस आंदोलन के पीछे केवल जनता दल की सरकार को गिराने की मंशा थी।

श्री रुद्रनारायण पाणि: आंदोलन कब से शुरू हुआ ...(**व्यवधान**)...

श्री गंगा चरण: आप बैठिए, अभी मैं बोल रहा हूं, जब आपका नंबर आएगा, तब बोलिएगा ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: पाणि जी, आप बैठिए, देखिए, हाउस का वक्त जा रहा है ...(**व्यवधान**)... यह ठीक नहीं है। See, you are wasting the time of the House. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए, इससे आपको भी कोई फायदा नहीं मिलेगा, आपको भी समय नहीं मिलेगा।

श्री गंगा चरण: उपसभापति जी, कार-सेवा शुरू हुई और माननीय मुलायम सिंह जी ने कुछ अतिशयोक्तिपूर्ण भाषण दिए कि परिंदा, पर नहीं मार पाएगा, इससे और उत्तेजना फैली। कार-सेवकों पर गोली चली और जनता दल की सरकार से, भारतीय जनता पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि ये रामभक्त बनते हैं, राम मंदिर बनाना चाहते हैं, लेकिन ये असली तौर पर रामभक्त नहीं हैं और राम मंदिर बनाने की इनकी कोई मंशा नहीं है, यह मेरा आरोप है। ये सिर्फ पिछड़ी जातियों के विरोधी हैं, पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ न मिले, इसलिए यह पूरी योजना रची गई थी। ये केवल पिछड़ी जातियों के विरोधी नहीं हैं, बल्कि ये दलितों के भी विरोधी हैं। इन्होंने 6 दिसंबर की तिथि क्यों चुनी? उस दिन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का निर्वाण दिवस था। उस दिन सारा देश, हमारे सारे पिछड़े और दलित भाई शोक में डूबे होते हैं, उसी दिन को इन्होंने उस ढांचे को गिराने के लिए चुना। इसलिए मैं कह सकता हूं कि यह पार्टी केवल मुसलमानों की विरोधी नहीं है, बल्कि दलितों और पिछड़ों की भी विरोधी है,

उपसभापति जी, ये कहते हैं कि लिब्रहान आयोग ने लिखा है कि सत्ता का लालच हमें अपने धर्मग्रंथों की अवहेलना करने के लिए भी मजबूर कर देता है और हम अपने धर्मग्रंथों को ताक पर रख देते हैं। इन्होंने भी यही किया, अपने धर्म-शास्त्रों का अपमान किया और उनकी अवहेलना की। गोस्वामी तुलसीदास जी से बड़ा कोई रामभक्त, हिंदुस्तान तो क्या, पूरे विश्व में नहीं हुआ है। उन्होंने रामचरितमानस में भगवान राम के चरित्र की

व्याख्या की है और उन्होंने कहा है कि राम के आदर्शों, राम के पदचिह्नों पर चलने वाला व्यक्ति ही रामभक्त कहलाएगा। तो राम का चरित्र क्या था? राम का चरित्र यह था कि—

"रघुकुल रीति सदा चली आई।
प्राण जाए पर वचन न जाई।।"

मैं बताना चाहता हूं कि इन्होंने कैसे अपने वचन को भंग किया।

श्री रुद्रनारायण पाणि: आपने कितनी बार पार्टी बदली?

श्री गंगा चरण: आप चुपचाप बैठकर सुनते रहिए, मैं आपसे माफी चाहता हूं। यह मंच है बोलने का, अपनी-अपनी बात कहने का, आपका नंबर आए, तो आप अवश्य अपनी बात कहें ...(**व्यवधान**)... इस तरह कमेंट्री न करें ...(**व्यवधान**)...

मैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री माननीय कल्याण सिंह जी के बयान को उद्धरित करना चाहता हूँ, जो उन्होंने 2 नवंबर, 1991 को राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक में दिया — "जहां तक विवादाग्रस्त ढांचा है, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि जैसा मैंने आपको आश्वासन दिया कि उस विवादाग्रस्त ढांचे की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी हमारी है। हम मुस्तैदी से उस ढांचे की सुरक्षा करेंगे। हमने वहां उसकी सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए हैं। वहां पर अब कोई नहीं जा पाएगा। जो घटना घटित हो गई थी, तीन लोग गुम्बद पर चढ़ गए थे, लेकिन अब वहां पर किसी प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने दी जाएगी।" यह आश्वासन मैं इस सदन के माध्यम से आप तक पहुंचाना चाहता हूँ, "कुल मिलाकर न्यायालय की बात के बारे में यह स्पष्ट निवेदन है कि न्यायालय ने जो आदेश दिया है, उस आदेश का पालन हम करेंगे। हम न्यायालय के आदेश से बंधे हैं। इसके आदेश को तोड़ कर हम कोई काम नहीं करना चाहते हैं।" यह मैं inverted comma में बात कर रहा हूँ। तत्कालीन मुख्य मंत्री माननीय कल्याण सिंह जी ने राष्ट्रीय एकता परिषद और न्यायालय के सामने यह कहा। इससे आप सहमत हैं? मुख्य मंत्री जी ने चार विशिष्ट आश्वासन दिए। इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण हल ढूढ़ने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, जब तक अंतिम हल नहीं हो जाता है, तब तक उत्तर प्रदेश सरकार राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार समझी जाएगी। भू-अधिग्रहण कार्यवाहियों से संबंधित न्यायालय के आदेशों का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन किया जाएगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों में उनके निर्णय का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। माननीय कल्याण सिंह जी ने यह लिखित आश्वासन/affidavit सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय एकता परिषद में दिया। मैं कहना चाहता हूँ कि महामना गोस्वामी तुलसी दास जी ने कहा है कि "रघुकुल रीत सदा चलि आई और प्राण जाए पर वचन न जाए"। राम भक्त वह है, जो अपने वचन का पालन करे। प्राण चले जाएं, पर वचन नहीं जाना चाहिए। राम ने अपने माता-पिता के वचन का पालन करने के लिए सत्ता का परित्याग कर दिया और चौदह वर्ष का वनवास भोगा। भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के लिए अपने वचन का परित्याग कर दिया, इसलिए आप राम भक्त नहीं हो सकते हैं। ...(**व्यवधान**)... चलिए हम इस अपराध को भी माफ कर सकते हैं कि इन्होंने अपने वचन को भंग किया, कानून तोड़ा, संविधान का उल्लंघन किया और न्यायपालिका की मर्यादा तोड़ी। आप कहते हैं कि हमारी आस्था और जन भावनाओं का सवाल है। देश चाहता है कि राम मंदिर वहीं बने। देश नहीं दुनिया चाहती है। लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि जब देश की जनता ने तीन बार उत्तर प्रदेश में और केन्द्र में सरकार बनाने का मौका दिया, तो फिर उस समय आस्था का सवाल कहां चला गया था, वे जन भावनाएं कहां चली गई थीं, वह शहादत कहां चली गई थी। फिर आपने मंदिर क्यों नहीं बनाया? आपके पास इसका कोई जवाब है? फिर आप कहेंगे कि हम कानून कैसे तोड़ते, हम न्यायपालिका की मर्यादा को कैसे भंग करते। आप कब से कानूनदा हो गए? जब आप एक बार मर्यादा भंग कर सकते हैं, एक बार कानून तोड़ सकते हैं, एक बार संविधान का उल्लंघन कर सकते हैं, तो जनता को दिए हुए वचन के लिए आप कानून तोड़ सकते थे, लेकिन आपने कानून इसलिए नहीं तोड़ा कि यदि

आप कानून तोड़ कर मंदिर बनवाते, तो alliance दल आपसे समर्थन वापस ले लेता और आपकी सरकार गिर जाती। इससे स्पष्ट होता है कि आप सत्ता लोलुप हैं, सत्ता भक्त हैं और राम भक्त नहीं हैं। आप यदि सच्चे दिल से भगवान राम से प्रार्थना करते कि मंदिर बनना चाहिए, तो बनता।

"जो इच्छा करुहु मन माहीं, राम कृपा कछु दुर्लभ नाहिं।"

यदि आप सच्चे दिल से मंदिर बनाना चाहते, तो मंदिर ज़रूर बनता। आपने तो सच्चे दिल से भगवान राम से सत्ता मांगी थी, इसलिए सत्ता मिल गई, आपने राम मंदिर नहीं मांगा था।

आप कहते हैं कि वह राम जन्मभूमि है। मैंने अपने धर्मग्रंथों को थोड़ा बहुत पढ़ा है, ज्यादा अध्ययन तो आप ही ने किया है, ज्यादा ज्ञाता आप ही लोग हैं, लेकिन थोड़ा बहुत मैंने भी अध्ययन किया है, क्योंकि मैं भी हिंदू हूं, मैं भी सत्संग करता हूं, मैं भी "आस्था" देखता हूं, मुरारी बापू की कथा सुनता हूं। तमाम संतों की कथा सुनने के बाद, सारे संतों का, हमारे धर्मशास्त्रों का यही मत है कि राम का जन्म नहीं हुआ, राम प्रकट हुए थे और यही गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण में लिखा है—

"भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशिल्या हितकारी।
हर्षित महतारी, मुनिमन हारी अद्भुत रूप निहारी।।"

चार भुजाओं वाले, शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए साक्षात् विष्णु भगवान प्रकट हुए थे, राम का जन्म नहीं हुआ था और तब माता कौशल्या ने कहा था—

"कीजै शिशु लीला अति प्रिय शीला, सो सुख परम **अनूपा**।"

कथा लंबी है। मन-शतरूपा की कथा में जाएं, तो विष्णु भगवान की तपस्या करते हुए उन्हें वरदान मिला था। उन्होंने अपने पुत्र के रूप में वरदान मांगा था और किसी भी धर्मग्रंथ में यह नहीं लिखा है कि पैगम्बर पैदा होते हैं। पैगम्बर हमेशा दुनिया में प्रकट होते हैं। तो आप यह कैसे कह सकते हैं कि वहां राम जन्मभूमि थी? वहां राम का गर्भगृह था? "मंदिर वहीं बनाएंगे, राम लला हम आएंगे" पर तारीख नहीं बताएंगे। आप कैसे कह सकते हैं कि वहां जन्मभूमि थी? वहां जन्मभूमि थी, तो किसकी जन्मभूमि थी? क्या परमब्रह्म परमात्मा की जन्मभूमि थी? परमब्रह्म परमात्मा कभी गर्भ में नहीं जाता है। परमब्रह्म परमात्मा, जिसने हमारी पृथ्वी की रचना की है और ....

श्री उपसभापति: गंगा चरण जी..... अब सिर्फ दो मिनट बाकी हैं आपके।

श्री गंगा चरण: सर, हमारी नेशनल पार्टी है, सिर्फ दो मिनट कैसे होंगे? सबका समय बराबर होगा।

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं। आपका जितना समय है, उतना समय दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री गंगा चरण: आप नाइंसाफी कैसे कर सकते हैं?

श्री उपसभापति: नाइंसाफी नहीं है, हम इंसाफ कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री गंगा चरण: सर, हमारी नेशनल पार्टी है, दूसरे मैम्बर भी हैं।

श्री उपसभापति: प्लीज़, आप conclude कीजिए।

श्री गंगा चरण: चलिए, हम अपनी बात जल्दी समाप्त करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने चौपाई लिखी है –

"विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार।"

भगवान ने अवतार लिया है और आप झगड़ा कर रहे हैं कि राम जन्मभूमि है, भगवान पैदा हुए। यदि आपने धर्मग्रंथों का अध्ययन किया है, तो आप साबित कीजिए कि भगवान पैदा हुए और यदि भगवान पैदा हुए, तो वे दशरथ के पुत्र राम हो सकते हैं, वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम नहीं हो सकते। भगवान पैदा होते ही नहीं हैं। मुझे एक कथा का प्रसंग याद आ रहा है कि जब रावण के अत्याचार से चारों ओर त्राहि-त्राहि मची हुई थी, तब

शंकर जी के पास देवता गए। उन्होंने शंकर जी से पूछा कि भगवान कहां रहते हैं? उससे पहले ब्रह्मा जी से पूछा, तो उन्होंने कहा कि बैकुंठ में रहते हैं। बैकुंठ में गए, भगवान नहीं मिले, क्षीरसागर में भी नहीं मिले, तो शंकर जी के पास गए कि भगवान कहां रहते हैं? इनके भगवान तो अयोध्या में ही अकेले रहते हैं, लेकिन शंकर जी देवताओं से कहते हैं कि "हरि व्यापक सर्वत्र समाना"। ज़रा इसको गहराई से सुनिए – "हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम से प्रगट होई मम जाना।" भगवान सभी जगह सर्वत्र, समान रूप से रहते हैं। वे मंदिर में भी उसी रूप से रहते हैं, मस्जिद में भी उसी रूप से रहते हैं, गुरुद्वारे में भी उसी रूप से रहते हैं और चर्च में भी उसी रूप से रहते हैं। भगवान कहीं भेदभाव नहीं करते हैं और "प्रेम से प्रगट" – भगवान प्रेम से प्रकट होते हैं, भगवान घृणा और हिंसा से प्रकट नहीं होते। प्रेम से एक बार शबरी ने पुकारा, तो भगवान शबरी के जूठे बेर खाने के लिए प्रकट हो गए। ...(**समय की घंटी**)... गुहराज निषाद ने बुलाया, तो गुहराज निषाद को प्रेम से गले लगा लिया — यह है भगवान राम का चरित्र! गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि "सियाराम मय सब जग जानी, करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी।"

श्री उपसभापति: बहुत अच्छा, अब समाप्त कीजिए।

श्री गंगा चरण: मतलब यह कि इस धरती, आसमान, पर्वत — सभी में भगवान हैं, मैं उस भगवान श्री राम को प्रणाम करता हूं। ये हैं तुलसीदास जी के राम और रामायण में कहीं भी नहीं आया है कि उस अयोध्या के राम को मैं प्रणाम करता हूं। तुलसीदास जी ने दूसरा दोहा लिखा है...।

श्री उपसभापति: अब दोहे पर समाप्त कीजिए।

श्री गंगा चरण: उन्होंने लिखा है:—

जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जान।
बन्दहु सबके पद कमल सदा जोरिजुग पान।।

जड़ यानी पहाड़, पर्वत, चेतन यानी पशु-पक्षी, जीव मतलब जितने भी संसार में जीव हैं और जत यानी जितनी भी जातियां हैं — हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई...।

जड़ जेतन जग जीव जत सकल राममय जान।
बन्दहु सबके पद कमल सदा जोरिजुग पान।।

जब गोस्वामी तुलसीदास जी सभी जीव-जन्तुओं, सभी जाति धर्म के लोगों की वंदना करते हैं तो आप अगर राम भक्त हैं, गोस्वामी तुलसीदास जी को मानने वाले हैं तो फिर आप मुसलमानों से, ईसाइयों से, अल्पसंख्यकों से घृणा क्यों करते हैं?

श्री उपसभापति: आप समाप्त कीजिए।

श्री गंगा चरण: सर, केवल पांच मिनट और लूंगा। थोड़ा सा अपने कांग्रेसी बंधुओं की तरफ मुखातिब होना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए, अभी बहुत से honourable members को participate करना है। समय नहीं है। Please cooperate.

श्री गंगा चरण: सर, आपने सबको समय दिया है।

श्री उपसभापति: सबको उतना ही समय दिया है जितना उनका समय है।

श्री गंगा चरण: मैं माननीय कलराज जी से कहना चाहता हूं कि हिन्दुओं ने ही भगवान राम की महिमा नहीं गायी है ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बहुत अच्छा बोले हैं। बस वहीं पर समाप्त कर दीजिए।

श्री गंगा चरण: रहीमदास जी ने भी भगवान राम के बारे में लिखा है कि

चित्रकूट में बस रहे रहिमन अवध नरेश।
जा पर विपदा पड़त है, सो आवत यह देश।।

अब मैं कांग्रेस के अपने बंधुओं से कहना चाहता हूं कि...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: कांग्रेस तक आने का समय नहीं है।

श्री गंगा चरण: सर, केवल एक मिनट। आप हमें बताइए कि आपकी मंशा क्या थी?...(**व्यवधान**)... सर, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए, मैं और ज्यादा समय नहीं दे सकता हूं। अभी दो-तीन और वक्ताओं ने बोलना है। ...(**व्यवधान**)... ऐसा नहीं हो सकता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री गंगा चरण: उत्तर प्रदेश में माननीय कल्याण सिंह जी की सरकार थी, केन्द्र में नरसिंहराव जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी, उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, बाबरी मस्जिद का आन्दोलन 2 नवम्बर 1991 से शुरू हुआ। 6 दिसम्बर 1992 में जब 70,000 कारसेवक वहां पहुंच गए और ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: श्री अली अनवर अंसारी।

श्री गंगा चरण: आपके गृह सचिव आपको मिनट-मिनट की सूचना दे रहे थे तो मैं जानना चाहता हूं कि उस समय आपने राष्ट्रपति शासन लागू क्यों नहीं किया? आपकी नीयत और आपकी नीति स्पष्ट नहीं थी। आप चाहते थे कि मुसलमानों को भाजपा का भय दिखाकर हम वोट हासिल कर लें, लेकिन मुसलमान समझ गया और इसीलिए आपको सजा दी कि 17 साल बाद भी आज पूर्ण बहुमत से आप केन्द्र में नहीं आ पा रहे हैं। आज मैं पूछना चाहता हूं कि इस लिब्रहान कमीशन की जरूरत क्या थी? आप 17 साल पुराने घाव कुरेदना चाहते हैं, जले पर नमक छिड़क रहे हैं। इसकी जरूरत क्या थी? यह काम तो एक दारोगा भी कर सकता था...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप समाप्त करिए। श्री अली अनवर अंसारी।

श्री गंगा चरण: यह काम तो एक दारोगा भी कर सकता था, लेकिन आपने 2000 करोड़ रुपए खर्च करके ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: अब रिपोर्टिंग स्टॉप हो जाएगी।

श्री गंगा चरण: सर, केवल एक मिनट और लूंगा। आपने देश के धन की बर्बादी की है। आपकी नीयत और नीति स्पष्ट नहीं थी, इसलिए ढांचा गिरा। यदि आपकी नीयत और नीति स्पष्ट होती तो ढांचा गिरने वाला नहीं था। धन्यवाद।

श्री उपसभापति: श्री अली अनवर अंसारी। अंसारी जी, आपके पास दस मिनट हैं।

श्री अली अनवर अंसारी (बिहार)**:** सर, जितना समय उनको दिया है, उतना ही मुझे भी दिया जाए।

श्री उपसभापति: नहीं। ऐसे नहीं होता है। उनकी पार्टी की strength अलग है, आपकी पार्टी की strength अलग है। मेहरबानी करके यह तुलना मत कीजिए।

श्री **अली अनवर अंसारी**: महोदय, पक्ष और विपक्ष के दो दिग्गज वकीलों ने अपनी राय जाहिर की है। माननीय वकीलों के बारे में कहा जाता है कि बाल की खाल निकालते हैं। मैं बड़े ध्यान से सुन रहा था और मुझे हैरत हुई कि दोनों माननीय वकील, माननीय सदस्यों ने बड़ी सफाई से जो मूल बात है, उसको गोल कर दिया। हम कहना चाहेंगे कि दोनों ने आधा सच कहा है। पूरा सच क्या है, मैं आपसे एक शायर की जुबानी अर्ज करना

चाहता हूं। वह शायर कोई दूसरी जगह का नहीं है, वह फैजाबाद का है, अयोध्या का है। जिसने एक तरह से अपने दिल और अपनी आंखों से देखा है छः दिसम्बर की घटनाओं को, वह है मिराज फैजाबादी। वह क्या लिखते हैं,

"हमारे माज़ी की एक इमारत यह कह रही है,

माज़ी का मतलब होता है भूत का, पीछे का।

"हमारे माज़ी की एक इमारत यह कह रही है,
बचाने वाले, गिराने वाले, सब एक निकले।"

महोदय, इसीलिए मैं कह रहा हूं कि दोनों पक्ष और विपक्ष के माननीय सदस्यों ने आधे सच का बयान किया है। महोदय, हमारी पार्टी का मानना है कि जो भी दोषी है, जिसने इतना बड़ा अपराध किया है उनको सजा मिलनी चाहिए, फांसी की सजा भी कम होगी, सजा मिलनी चाहिए। यहां किसी के पर्सनल लॉ से देश नहीं चलेगा, किसी की आस्था से देश नहीं चलेगा। देश चलता है संविधान से, कानून के राज से, रूल ऑफ लॉ से। इस मुल्क में जम्हूरियत है, प्रजातंत्र है। छः दिसम्बर का जो हमला है, वह एक पुरानी मस्जिद ढहाए जाने का मामला नहीं है, वह हमारी जो जम्हूरियत है, हमारा जो संविधान है, हमारे मुल्क की जो आत्मा है, उस पर यह हमला है। इसलिए हम कहते हैं कि कोई भी सजा हो, उसके लिए कम है। हम चाहते हैं, हमारी पार्टी की नीति है कि इस मसले का हल आज भी किसी की आस्था से, किसी के विश्वास से नहीं होने वाला है। या तो यह मामला आपस में जो पक्षकार हैं वह बैठ करके तय करेंगे और नहीं तो कोर्ट तय करेगा और कोर्ट से भी हम चाहते हैं कि वह जल्द से जल्द तय करे। जिस तरह से हमारी सरकार ने बिहार में स्पीडी ट्रॉयल करके जो बाहुबली हैं, जो अपराधकर्मी हैं, उन लोगों को शिकन्जे में लिया है। पहले होता क्या था कि मुकदमे चलते रहते थे और अपराधकर्मी, बाहुबली एम0एल0ए0 और एम0पी0 भी बने रहते थे। लेकिन आज वे शिकन्जे के पीछे हैं, सलाखों के पीछे हैं। इसलिए उस तरह से स्पीडी ट्रॉयल करके इस मामले का निष्पादन भी होना चाहिए। लेकिन महोदय, बड़े अफसोस के साथ हम कहना चाहते हैं कि जो लिब्रहान कमीशन की रिपोर्ट है और जिस तरह से वह तैयार की गई है तथा उस पर जो ए0टी0आर0 आई है, उसमें से कहीं यह मंशा नहीं झलकती है कि अपराधियों को सजा मिलेगी? कही भी यह मंशा नहीं झलकती है और संदेह होता है कि अपराधियों को सजा मिलेगी भी या नहीं मिलेगी। 17 साल बाद यह रिपोर्ट आई है। महोदय, मैं सजा के बिन्दु से भी आगे जाकर कहना चाहता हूं, सभी पक्ष के लोगों से मैं गुजारिश करना चाहता हूं, अभी माननीय कांग्रेस के नेता सिंघवी साहब बी0जे0पी0 पर आरोप लगा रहे थे कि वह रिग्रेट नहीं कर रही है। महोदय, हम कहना चाहते हैं कि यह पश्चाताप का मामला नहीं है, यह इतना बड़ा पाप है और दोनों पक्ष उसके दोषी हैं, जो उस समय स्टेट में हुकूमत में थे और सेंटर में हुकूमत में थे। इसके लिए प्रायश्चित होना चाहिए। पछतावा को पश्चाताप कहते हैं..... प्रायश्चित का मतलब होता है खुद को सजा देना और ऐसी सजा देना, जिसको दुनिया देखे और जनता समझे। उस पक्ष के लोगों को भी और इस पक्ष के लोगों को भी अगर सही मायने में इस मुल्क से मुहब्बत है, वे चाहते हैं कि यह बद-अमनी खत्म हो, इस मसले का हल हो, तो उनको प्रायश्चित करना चाहिए, खुद को सजा देकर के उनको दिखाना चाहिए, साबित करना चाहिए।

महोदय, हम कहना चाहते हैं कि हमें सहानुभूति की जरूरत नहीं है। हम सहानुभूति नहीं मांग रहे हैं, न इस सदन से मांग रहे हैं, न इस सरकार से मांग रहे हैं। बाबरी मस्जिद की शहादत के बाद हम सहानुभूति नहीं, हम समानभूति की बात कर रहे हैं। हम सहानुभूति नहीं चाहते हैं, हम समानभूति चाहते हैं। समानभूति का मतलब है कि हम और आप एक जैसे अनुभव से गुजरें, इसी को समानभूति कहते हैं।

महोदय, हम कहना चाहते हैं कि अगर कोई जनता को बांटकर राजनीति करेगा, मजहब की बुनियाद पर करेगा, जाति की बुनियाद पर करेगा, इलाके की बुनियाद पर करेगा, जुबान की बुनियाद पर करेगा, तो इसी तरह के नतीजे आएंगे। हमें आज की बहस से अफसोस हुआ कि 17 साल के बाद भी हमने सबक नहीं सीखा है, लेकिन जनता ने कुछ-कुछ सबक सीखा है। जनता ने हम लोगों को पहचाना है कि जो हमारा नेतृत्व है वह कितना बौना है। हम बड़े-बड़े राजनेता तो पैदा कर सकते हैं, लेकिन हम राष्ट्र नेता पैदा नहीं कर सकते हैं। हमारे अंदर स्टेटमनशिप नहीं है, आज भी आरोप और प्रत्यारोप का जो दौर चल रहा है, हमने अपने हृदय के अंदर झांककर देखने की कोशिश नहीं की है। महोदय, यह बड़े अफसोस का मुकाम है। हम कहना चाहते हैं कि मजहब की बुनियाद पर और दूसरी बुनियाद पर बांटने की जो राजनीति है, वह कहां से शुरू हुई ? महोदय, हमको यह कहने में जरा भी हिचकिचाहट नहीं है।

उपसभापति महोदय, आप भी सुनिए। हम अपने जाती तजुर्बे के आधार पर कह रहे हैं। मैं उन दिनों पत्रकार हुआ करता था। शाहबानो का मामला चल रहा था, हमने न जाने कितने अखबारों को काला किया है, हमने कितने अखबारों के पन्नों को काला किया है, कि यह गलत नज़ीर पेश की जा रही है किसी की आस्था की बुनियाद पर, किसी के पर्सनल लॉ की बुनियाद पर, बल्कि हमने तो यह कहा था कि इस्लाम के कंसेप्ट के खिलाफ बात है। एक बेवा औरत के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट फैसला देता है, उस फैसले को बदल कर के, संविधान में संशोधन करके एक गलत नज़ीर पेश कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद को ढहाने वाले जो लोग हैं, आज वही उसको आधार बनाते हैं कि आपकी आस्था का सवाल था, तो हमारी भी आस्था का सवाल है, हम कोर्ट के फैसले को नहीं मानेंगे। ...(**समय की घंटी**)...

महोदय, हम कहना चाहते हैं कि चाहे शाहबानो का मामला हो या बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाने का मामला हो, किसने बाबरी मस्जिद का ताला खुलवाया, किसने शिला पूजन की इजाजत दी, कौन इस बंडी के ऊपर जनेऊ लगाकर दूरदर्शन पर और टी0वी0 पर पूरे मुल्क को दिखा रहे थे कि हम हिन्दू हैं, यह क्या संकेत देना है? आज सियासत में जो लोग धर्म का इस्तेमाल करते हैं, उन लोगों ने समझा कि यह कॉपी राइट तो हमारे पास है। इधर के लोग इसको भुनाने के लिए चले, तो ये भी उससे कड़ा रुख अख्तियार करके, उसी रास्ते पर गामजन हो जाते हैं, चल निकलते हैं। वे सोंचते हैं। इसका एक्सपर्टीज तो हमारे पास हैं, आप क्यों प्रयोग करने लगे? ...(**समय की घंटी**)... महोदय, ऐसा मत कीजिए। मुझे पांच मिनट का समय और दे दीजिए।

श्री उपसभापति : देखिए, इस विषय पर बोलने के लिए जो आपकी पार्टी का समय है, आप उससे ज्यादा समय ले रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री अली अनवर अंसारी : हम बैठ जाते हैं, हुजूर।

श्री उपसभापति : मैं आपको बैठने के लिए नहीं कहूंगा, बल्कि मैं तो कहंूगा कि आप अपना समय लीजिए और समाप्त कीजिए।

श्री अली अनवर अंसारी : महोदय, हम आपकी बात का उल्लंघन नहीं करेंगे। हुजूर, हम एक बात कहकर बैठ जाते हैं। आज भी कुछ लोग यह कहते हैं और तैयारियां भी चल रही हैं पत्थर भी तराशे जा रहे हैं, नक्शे भी बनाकर दिखाए जा रहे हैं तथा उनकी बुनियाद पर पैसे भी वसूले जा रहे हैं। इन लोगों की टेक है कि हमारा मंदिर यहीं बनेगा। दूसरी तरफ दूसरे पक्ष के लोगों की भी टेक है कि हम उसी जगह पर मस्ज़िद भी बनाएंगे। महोदय, चाहे वह सिंघल हो, तोगड़िया हो, बुखारी हो या शाहबुद्दीन हो अथवा जो भी ऐसी दिमागी सोच के लोग हैं, जो मस्ज़िद बनाना चाहते हैं, जो मंदिर बनाना चाहते हैं, उन तमाम लोगों से हम हाथ जोड़कर यह कहना चाहते हैं कि आप नक्शे पर न जाएं। इस नक्शे से और इस जमीन के टुकड़े से मुल्क नहीं

चलता है, कौमें नहीं चल सकती हैं। हम इसकी त्रासदी को आज तक भुगत रहे हैं, झेल रहे हैं। महोदय, हम एक शेर कहकर, अपनी बात समाप्त करना चाहते हैं,

'नक्शे को तुम न जांचो, लोगों से मिलके देखो।
क्या चीज जी रही है, क्या चीज मर रही है।'

श्री तारिक अनवर: उपसभापति महोदय, मैं कानूनदा नहीं हूं, इसलिए कानूनी पेचीदगी में नहीं जाना चाहूंगा। मैं इतिहास में भी नहीं जाना चाहूंगा, क्योंकि इतिहास सबको मालूम है। मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि बाबरी मस्जिद और राम मंदिर का जो विवाद है और जिसको लेकर जो घटनाएं घटीं और कमीशन बना तथा कमीशन ने अपनी रिपोर्ट दी, हम आज उसी पर बहस कर रहे हैं। उपसभापति महोदय, किसी भी विवाद का निपटारा करने के लिए दो रास्ते हैं। एक तो बातचीत का रास्ता है। आपस में मिल-बैठकर बाचतीत के द्वारा अगर हम किसी नतीजे पर पहुंच जाते हैं, कोई समझौता हो जाता है, तो उसके जरिए उस विवाद का निपटरा किया जा सकता है, उसका समाधान किया जा सकता है। अगर उसमें पेचीदगी है, वह हल नहीं हो पाता है, तो फिर दूसरा रास्ता न्यायालय का है, कानून का है। मेरी समझ में यह नहीं आता कि भारतीय जनता पार्टी तथा उसके सहयोगी दलों का बार-बार यह कहना कि इससे कानून का कोई लेना देना नहीं है, यह मामला आस्था का है। जहां तक आस्था का सवाल है, मैं मानता हूं कि कोई भी धर्म आस्था के जरिए ही चलता है, जैसे आपकी आस्था है, ऐसी ही दूसरे धर्म के लोगों की भी आस्था है। कोई भी धर्म यह नहीं सिखाता है कि आस्था के नाम पर, विश्वास के नाम पर दूसरे धर्म के लोगों को अपमानित किया जाए।

हमें हर धर्म सहनशीलता सिखाता है, एक-दूसरे के प्रति सम्मान सिखाता है, इसलिए मैं समझता हूं कि यह जो आस्था की बार-बार बात कही जाती है, वह मुनासिब नहीं है। किसी भी सभ्य समाज को पहचानने के लिए सबसे पहले यह जरूरी होता है कि समाज में रहने वाले खास तौर पर जो अल्पसंख्यक हैं या कमजोर वर्ग के लोग हैं, वे यह महसूस करें कि वे सुरक्षित हैं। 6 दिसम्बर को जो घटना घटी, यह बात बिल्कुल साफ और वाज़ा हुई कि वह सिर्फ बाबरी मस्जिद की शहादत नहीं थी, वह राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का, जो विवादित स्थल था, सिर्फ उसको नहीं गिराया गया था, बल्कि हमारे देश का जो संविधान है, जो संवैधानिक ढांचा है, उसको गिराने का प्रयास हुआ था। हमारे पूर्वजों ने, हमारे संविधान निर्माताओं ने इस देश को धर्मनिरपेक्ष और एक लोकतांत्रिक देश बनाने का जो संकल्प लिया था, उसको तोड़ने की कोशिश की गई, उसको गिराने का प्रयास किया गया। यह सिर्फ हमारे देश तक की बात नहीं है, बल्कि तमाम दुनिया में भारत की जो एक छवि थी, हमारे राष्ट्र की जो एक छवि थी, अलग-अलग जाति, भिन्न-भिन्न धर्म के लोग, अलग-अलग मजहब के लोग हमारे यहां रहते हैं और सभी को मिलाकर यह देश बना है। यही हमारे देश की खूबसूरती है। उस ढांचे को तोड़ने का प्रयास हुआ, उस ढांचे को तोड़ने की कोशिश की गई। इससे हमारे देश की एकता और अखंडता खतरे में पड़ी। उपसभापति महोदय, यह बात बार-बार कही जाती है कि यह जो घटना घटी, वह स्पॉन्टेनियस था, उसमें कोई साजिश नहीं हूई थी। जबकि कमीशन की रिपोर्ट में यह वाज़ा हुआ कि इसके पीछे पूरा एक षड्यंत्र था, एक पूरी साजिश थी और स्पॉन्टेनियस कहकर उस मसले को दबाने की कोशिश की जा रही है। अगर इस बात को मान भी लिया जाए कि यह स्पॉन्टेनियस था तो यह माहौल कोई एक दिन में नहीं बना। आडवाणी जी की रथ यात्रा से लेकर, कार सेवकों को जमा करना और उसके बाद जो तमाम घटनाएं घटीं, अगर उसकी पृष्ठभूमि में सारी बातों को देखा जाए तो यह महसूस किया जाएगा कि उस घटना के पीछे वे तमाम भड़काने वाली बातें थीं लोगों के जज्बात, लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया गया, जिसकी वजह से सारी घटनाएं घटीं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके लिए वही लोग जिम्मेदार हैं, जिन्होंने इस पूरे मसले को खड़ा करने की कोशिश की और लोगों के जज्बात को उभारने का

काम किया। सिर्फ यह कह देने से कि यह मामला स्पॉन्टेनियस था, यकायक हो गया, लोग जज्बात में आ गए, लोग भावना में आ गए, लोग जमा हो गए, इसलिए घटना घट गई, मैं समझता हूं कि यह बात किसी तरह से भी स्वीकार करने वाली नहीं है। उपसभापति महोदय, मैं इस बात से सहमत हूं कि राजनीतिक दल आखिर किसलिए होते हैं। राजनीतिक दल का काम मंदिर या मस्जिद बनाने का नहीं है, यह तो हमारे धार्मिक गुरु इस बात का फैसला करेंगे कि कहां मंदिर बनना है, कहां मस्जिद बननी है, कैसे बनना है, क्या करना है, वे देखेंगे, लेकिन दुख की बात यह है कि आज हमारे जो राजनीतिक दल हैं, उन्होंने इसका ठेका ले लिया है कि कहां मंदिर बनेगा, कहां मस्जिद बनेगी और इसके पीछे खालिश राजनीति है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दलों ने इस बात को महसूस किया कि वे कार्यक्रम के आधार पर या राजनीतिक आंदोलन करके या जो एक लोकतांत्रिक तरीका है, उस तरीके से सत्ता में नहीं आ सकते हैं, इसलिए उन्होंने एक शॉर्ट कट रास्ता अपनाने का प्रयास किया और वह शॉर्ट कट रास्ता यह था कि धार्मिक उन्माद पैदा करके, लोगों के जज्बात उभार कर लोगों को अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश की गई। उनको इसमें थोड़ी कामयाबी भी मिली, लेकिन यह देश के हित में नहीं था, यह राष्ट्र के हित में नहीं था। इससे जो आपस की भाईचारगी थी, जो हमारी संस्कृति थी, जो हमारा संस्कार था मिल-जुल कर रहने का, उसको चोट पहुँची। इस घटना के 17 साल गुजरने के बाद आज भी लोगों के अन्दर भाईचारगी की कमी महसूस की जा रही है। इस तरह की जो घटनाएँ घटती हैं, उसके पीछे कारण वही है। अगर वह 6 दिसम्बर की घटना नहीं होती, तो शायद वह सिलसिला आज नहीं होता। लेकिन शायद यह बात हमारे राजनीतिक दलों को समळा में नहीं आती। मैं सीताराम जी की इस बात से पूरी तरह सहमत हूँ कि आज देश को एक दूसरे रास्ते पर लेकर चलने की जरूरत है। धार्मिक उन्माद पैदा करके, सामाजिक तनाव पैदा करके हम इस देश का भला नहीं कर सकते, समाज का भला नहीं कर सकते, बल्कि जो हमारी मूल समस्याएँ हैं, उनकी तरफ हमारा ध्यान जाना चाहिए। गरीबी कैसे दूर हो, बेरोजगारी कैसे दूर हो, हमारे देश का विकास कैसे हो, हमारे देश में जो गरीबी है, आज भी एक बड़ी जनसंख्या गरीबी से पीड़ित है, इससे कैसे निजात दिलाया जाए। बजाय इन कामों के हम ऐसे कामों में उलझ रहे हैं, जो राजनीतिक दलों का काम नहीं है।

उपसभापति जी, यह बात सही है कि कमीशन बनाने के पीछे सरकार का मकसद यही होता है कि उसकी रिपोर्ट आने के बाद उस पर कार्रवाई होनी चाहिए और जो भी लोग दोषी हैं, जिनका नाम उसमें शामिल है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि यह विश्वसनीयता का सवाल है, credibility का सवाल है, किसी भी सरकार के लिए, व्यवस्था के लिए, शासन के लिए, क्योंकि अगर मुजरिम को सज़ा नहीं मिलेगी, तो फिर इससे जुर्म पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता और उसको रोका नहीं जा सकता। इसलिए जरूरत इस बात की है कि आने वाले समय में हम चाहेंगे कि जो भी लोग दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कमीशन ने यह बात बिल्कुल सही कही है कि इसके पीछे professional लोग थे, क्योंकि बाबरी मस्जिद को जिस तरह से ढहाया गया, सिर्फ कारसेवक उसको नहीं ढाह सकते। अगर उसके पीछे साज़िश नहीं होती, तो चन्द घंटों में इतनी बड़ी ऐतिहासिक इमारत नहीं गिराई जा सकती थी। इसलिए जरूर कुछ professional लोगों को पहले से इसके लिए hire किया गया, जिसकी वजह से ये सारी घटनाएँ घटीं। लोकल पुलिस, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और उस समय वहाँ के जो मुख्य मंत्री थी, वे सभी उस साज़िश में शामिल थे। बिना उनकी मदद के या बिना उनकी सहमति के यह काम सम्भव नहीं था। एक तरह से यह कहा जाए कि यह एक national betrayal था, तो गलत नहीं होगा। मैं चाहूँगा कि जो भी recommendations आई हैं, उन पर जल्द-से-जल्द कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि इस पर फिर से लोगों को यकीन हो।

आखिर में अपनी बात समाप्त करने से पहले मैं यह चाहूँगा ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: एक शेर सुना दीजिए।

श्री तारिक अनवर: शेर सुना दूँ, आपको शेर सुनने का शौक है। अहलुवालिया जी, एक छोटा सा शेर है, लेकिन यह भावना है और यह भावना इस देश के अल्पसंख्यकों की भावना है, जो मैं एक शेर के जरिए आपको बताना चाहता हूँ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: हम भी अल्पसंख्यक हैं।

श्री तारिक अनवर: आप भी अल्पसंख्यक हैं, तो आप भी उसमें शामिल हो जाएँ।

श्री उपसभापति: दोनों सामने बैठे हैं।

श्री तारिक अनवर: "तुझको मालूम नहीं दिल को दुखाने वाले,
ये जो मज़लूम हैं, आहों में असर रखते हैं।"

उपसभापति महोदय, मैं इसी शेर के साथ अपनी बात समाप्त करूँगा और यह कहूँगा कि सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए और हर तरह से यह विश्वास इस देश के, सिर्फ अल्पसंख्यकों का सवाल नहीं है, दुनिया को यह विश्वास दिलाने की जरूरत है कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है, धर्मनिरपेक्ष देश है, महात्मा गाँधी का देश है, सर्वधर्म समभाव पर हमारा विश्वास है। यह बात दुनिया को बताने की जरूरत है और तभी लोगों को विश्वास होगा, तभी लोगों को भरोसा होगा कि सही मायने में हम लोकतांत्रिक हैं, सही मायने में हम इंसाफ पसन्द हैं। इस घटना के करने वालों को, जिनकी वजह से जो साम्प्रदायिक दंगे हुए, जो नुकसानात हुए, समाज में जो बँटवारा हुआ, इन सारी चीजों के लिए अगर कोई जिम्मेदार है, तो उसको सज़ा मिलनी ही चाहिए। यह देश के हित में है, राष्ट्र के हित में है, समाज के हित में है। धन्यवाद।

श्री राजनीति प्रसाद: सर, एक सैकेंड ...(**व्यवधान**)...**।**

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला (राजस्थान)**:** सर, एक मिनट, मुझे एक शेर सुनाना है ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: प्लीज़, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... आप दोनों ही एक मिनट के लिए बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: सर, मैं तो आधे मिनट में खत्म कर दूंगी।

श्री उपसभापति: राजनीति जी, आप पहले इन्हें शेर बोल लेने दीजिए, बाद में आप बोल लेना।

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार)**:** सर, पहले मुझे बोल लेने दीजिए न।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: चलिए आप ही बोल लीजिए।

श्री राजनीति प्रसाद: सर, इन्होंने शब्द कहे 'राजनीतिक दलों का'। इसका मतलब it includes all parties**.** ...(**व्यवधान**)...

श्री तारिक अनवर: मेरे कहने का मतलब यह था ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनीति प्रसाद: नहीं-नहीं, आपने राजनीतिक दलों ही बोला था ...(**व्यवधान**)...

श्री तारिक अनवर: नहीं-नहीं, इसका मतलब है भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल।

अभी जेडीयू के नेता अंसारी साहब बोल रहे थे, मेरी उनसे भी गुज़ारिश है, वह अभी यह बात कह गए कि उनको फांसी लगनी चाहिए। लेकिन उसी भारतीय जनता पार्टी की मदद से आज बिहार में उनकी सरकार चल रही है। वह किस मुंह से यह बात कह रहे हैं।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: सर, तारिक जी ने आह के बारे में एक शेर पढ़ा था, उसके जवाब में ग़ालिब का एक शेर है —

आह को चाहिए इक उम्र असर होने तक।
कौन जीता है तेरी ज़ुल्फ़ के सर होने तक।।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri D. Raja. You start.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): But, Sir, as you said, I will speak tomorrow.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, at 5 o'clock, you are adjourning the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, there is a message from Lok Sabha.

———————

MESSAGE FROM LOK SABHA

The Representation of the People (Amendment) Bill, 2009

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:—

"In accordance with the provisions of rule 120 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on the 9th December, 2009, agreed without any amendment to the Representation of the People (Amendment) Bill, 2009, which was passed by Rajya Sabha at its sitting held on the 25th November, 2009."

———————

SHORT DURATION DISCUSSION

Liberhan Commission Report and trial of Babri Masjid case (Contd.)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Raja, you start.

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, he can continue tomorrow. ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA: Sir, I will start. Then, you adjourn the House. Tomorrow, I will continue.

श्री साबिर अली (बिहार): सर, पांच मिनट का टाइम हमें दे दीजिए, पांच मिनट में ही खत्म कर देंगे।

श्री उपसभापति: ऐसा नहीं होता है।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, we are having a very serious debate on the Liberhan Commission Report. We do not need the expertise and eloquence of Shri Arun Jaitley, or Dr. Abhishek Manu Singhvi, or for that matter, of Shri Kapil Sibal or Mr. Chidambaram to understand what happened on 6th December, 1992, at Ayodhya. It was Shri K.R. Narayanan, the former President of India who said, "The demolition of Babri Masjid was the second huge tragedy after Mahatma Gandhi's assassination." Many concerned citizens expressed their serious concern over what happened on December 6, 1992. The motives behind Gandhi's murder and Babri Masjid demolition were the same, paving the way for *Hindu Rashtra* of the RSS. It is a known fact. We can debate on this. Sir, I will continue if you allow me, or, I will continue this tomorrow.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please continue tomorrow.

———————